# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 23 जून 2026




अग्निकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित, चार अफसर सस्पेंड


सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹106433/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹129990/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹141897/-

सोने का भाव प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

ANAND Jewels Pandri, Raipur


## यूपी में भीषण हादसा, धू-धू कर जली इमारत, मौके पर पहुंचे सीएम

# कोचिंग में आग, कुछ बाथरूम में छिपे कुछ ने लगाई छलांग, 15 की गई जान



यूपी की राजधानी लखनऊ में सोमवार को अलीगंज क्षेत्र के पुरनिया में एक कोचिंग सेंटर में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 15 की मौत हो गई। आग लगने के बाद बिल्डिंग में धुआं भर गया। इससे अंदर मौजूद छात्रों में भगदड़ मच गई। कई छात्र जान बचाने बाथरूम में घुस गए, वहां दम घुट गया। कुछ छात्र ऊंचाई से छलांग लगा दी।

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ अग्निकांड में बड़ा एक्शन हुआ है। पुलिस ने जांच के बाद बिल्डिंग मालिक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में 3 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। जिनकी गिरफ्तारी हुई है, उनमें बिल्डिंग मालिक वीरेंद्र शुक्ला और एनिमेशन ट्रेनिंग स्टूडियो का मालिक तुषांत जैसवाल शामिल हैं। इसके अलावा एक और आरोपी रामकृष्ण उपाध्याय की भी गिरफ्तारी हुई है। इस मामले में चार अफसर भी सस्पेंड कर दिए गए हैं। इस हादसे के बाद सीएम योगी ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं और इसकी सख्त जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने सोमवार देर शाम हादसे को लेकर हाईलेवल मीटिंग की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर दुख जाहिर करते हुए मृतकों के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए ▶▶|शेष पेज 7 पर

**कंप्यूटर व लाइब्रेरी साइंस की कोचिंग ले रहे थे 40 बच्चे, इनमें से 15 की जलकर मौत**



### छात्रों की चीख-पुकार मची

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही कुछ ही मिनटों में पूरी इमारत धुएं से भर गई। अंदर मौजूद छात्रों में चीख-पुकार मच गई। कई बच्चों को समझ ही नहीं आया कि बाहर निकलने का रास्ता कहां है। कुछ छात्र जान बचाने के लिए बाथरूम में छिप गए, जबकि कई अन्य ने ऊंचाई से छलांग लगाकर अपनी जान बचाने की कोशिश की।

### डिप्टी सीएम, बोले- मैंने अपनी आंखों से देखे 14 शव

घटनास्थल पर मृतकों और घायलों के लिए एंबुलेंस कम पड़ गईं। मौके पर मौजूद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक इस मंजर को देखकर रो पड़े। उन्होंने कहा- मैंने अपनी आंखों के सामने लाशें निकलती देखी हैं। लखनऊ के जिलाधिकारी और प्रशासनिक टीम के साथ पुलिस बल मौजूद रहा। बगल के घर की छत से सेंटर की दीवार काटकर रेस्क्यू का प्रयास किया गया।



### पीएम राहत कोष से दो-दो लाख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना में लोगों की मौत पर दुख जाहिर करते हुए मृतकों के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने का ऐलान किया है।

### पीड़ित परिवारों से मिले योगी

सीएम योगी ने लखनऊ को अलीगंज इलाके में पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों के परिजनों से भी मुलाकात की है। अधिकारियों के मुताबिक आदित्यनाथ ने पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव (गृह) मौके पर जाकर घटना का जायजा लेने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले की तह में जाकर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

---

12 साल पहले सरपंच ने किया था सुसाइड ठेकेदार की सात साल की सजा रद्द

# उधार दिए पैसे मांगना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं, सजा रद्द



खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 12 साल पहले सुसाइड के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि 'किसी व्यक्ति को दी गई उधार की रकम वापस मांगना, बार-बार संपर्क करना या कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देना आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं आता।' छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए 12 साल पुराने आत्महत्या मामले में दोषी ठहराए गए आरोपी की 7 साल की सजा रद्द कर दी। उसे सभी आरोपों से ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ट्रायल कोर्ट ने सुनाई थी 7 साल की सजा

धमतरी की विशेष अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी अशोक वाधवानी को एससी-एसटी एक्ट के आरोपों से बरी कर दिया था, लेकिन आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण (आईपीसी धारा 306) का दोषी मानते हुए 7 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील दायर की। वहीं, मृतक की पत्नी सतवती बाई और बेटे इंद्र कुमार ने भी याचिका दाखिल कर सजा बढ़ाने और एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की थी।

**सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा**

### सीएम साय ने विशेष ट्रेन को दिखाई हरी झंडी



**1000** से अधिक प्रदेश के विशिष्टजन हुए रवाना

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को यहां राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन से सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उनकी मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए उन्हें अंगवस्त्र भेंट किया।

दो दिन पहले शुरू हुआ था उत्पादन

# कतर की फैक्ट्री में बड़ा धमाका 12 भारतीय समेत 13 की मौत

एजेंसी ▶▶| दुबई

कतर के रास लाफान औद्योगिक शहर में एलएनजी फैक्ट्री में हुए धमाके में मारे गए 13 लोगों में 12 भारतीय शामिल हैं।



दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कतर के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि रविवार रात रास लाफान में हुए हादसे में 12 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। पोस्ट में कतर के अधिकारियों के हवासे ▶▶|शेष पेज 7 पर

### भारतीय दूतावस बोला- कतर के अधिकारियों से संपर्क में

दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि वह कतर के अधिकारियों के लगातार संपर्क में है। मृतकों तथा घायलों के परिवारों को हरसंभव मदद दी जाएगी। दूतावास ने +974-55647502 और +975-55384683 हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इसके अलावा **cons.doha@mea.gov.in** ईमेल के जरिए भी संपर्क किया जा सकता है। इससे पहले दूतावास ने कहा था कि कई लोग घायल हुए हैं और कुछ लोग लापता हैं।

## राजनीति में बगावतों का दौर, बागियों ने बढ़ाई सियासी हलचल

# उद्धव गुट के 6 सांसदों ने थामा शिंदे का हाथ

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश की राजनीति में इस वक्त बगावतों का दौर चल रहा है। पहले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा कैंप में बगावत, फिर तमिलनाडु के चुनाव नतीजे आने के बाद अन्नाद्रमुक के सांसदों का बागी रवैया, इसके बाद पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के सांसदों और विधायकों का टूटना और अब महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव-बालासाहेब) ठाकरे में चार साल के अंदर एक और टूट। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की कि शिवसेना (उबाठा) के छह बागी सांसदों ने सत्ताधारी शिवसेना का दामन थाम लिया। इससे ▶▶|शेष पेज 7 पर

**शिवसेना (यूबीटी) के ये सांसद शिंदे के साथ**



संजय हरिभाऊ जाधव, भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे, ओमप्रकाश भूपालसिंह निंबालकर, संजय दीना पाटिल, संजय उत्तमराव देशमुख, नागेश बापूराव पाटिल अष्टिकर

### बागियों के खिलाफ उद्धव ने खोला मोर्चा

शिवसेना-यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बागी सांसदों के खिलाफ सीधे तौर पर मोर्चा खोल दिया है। उद्धव ठाकरे आगामी 27 से 29 जून तक राज्य के उन सभी निर्वाचन क्षेत्रों का तूफानी दौरा करेंगे, जहां के सांसदों ने हाल ही में पाला बदलकर शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का दामन थाम लिया है।

### शिंदे बोले- ऑपरेशन टाइगर पूरा

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ऑपरेशन टाइगर अब पूरा हो गया है। ऑपरेशन टाइगर महाराष्ट्र की राजनीति में इस्तेमाल किया जा रहा एक शब्द है, जो शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की तरफ से उद्धव ठाकरे गुट के नेताओं और सांसदों को अपने पाले में लाने की एक कथित कोशिश का पर्याय माना जाता है। शुरुआत में चर्चाएं थीं कि शिवसेना-यूबीटी के नौ लोकसभा सांसदों में से छह से सात सांसद शिंदे गुट के संपर्क में हैं।




*राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने घोषणा की है कि देशभर में संचालित पोस्टग्रेजुएट (पीजी) डिप्लोमा मेडिकल कोर्स को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाएगा और उनकी जगह व्यापक विशेषज्ञता वाले एमडी और एमएस डिग्री प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। एनएमसी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2026-27 पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अंतिम वर्ष होगा। इसके बाद 2027-28 सत्र से इन कोर्सों में कोई नया प्रवेश नहीं दिया जाएगा और धीरे-धीरे ये कार्यक्रम पूरी तरह समाप्त हो जाएंगे।*

**राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने की घोषणा**

# देशभर में चरणबद्ध तरीके से बंद होंगे पीजी डिप्लोमा मेडिकल कोर्स

## शैक्षणिक सत्र 2026-27 होगा पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अंतिम वर्ष

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य देश में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा को अधिक मानकीकृत, गुणवत्तापूर्ण और वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना है। आयोग के अनुसार, एमडी और एमएस जैसी डिग्री को विशेषज्ञ चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए अधिक व्यापक और मान्यता प्राप्त माना जाता है। एनएमसी का मानना है कि इस बदलाव से मेडिकल संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों, फैकल्टी और इंफ्रास्ट्रक्चर का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा।

### पहले ही दिए गए थे संकेत

यह निर्णय पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशंस (पीजीएमईआर) 2023 के प्रावधानों के अनुरूप है। इन नियमों में पहले ही मेडिकल कॉलेजों को डिप्लोमा सीटों को डिग्री सीटों में बदलने की अनुमति दी गई थी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया था कि नए पीजी डिप्लोमा कोर्स शुरू करने या मौजूदा सीटों में वृद्धि के लिए कोई नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### कोर्स अपग्रेड का मौका

आयोग ने बताया कि वर्तमान में कई मेडिकल कॉलेज एक ही विषय में पीजी डिप्लोमा और एमडी/एमएस दोनों कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं, जबकि कुछ संस्थानों में केवल डिप्लोमा कोर्स उपलब्ध हैं। ऐसे कॉलेज अब अपने पीजी डिप्लोमा सीटों को संबंधित एमडी या एमएस डिग्री सीटों में परिवर्तित करने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए संस्थानों को मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड (एमएआरबी) के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। एनएमसी ने कहा है कि आवेदन प्रक्रिया, ऑनलाइन मॉड्यूल और समय-सीमा से जुड़ी विस्तृत जानकारी अलग से जारी की जाएगी।




### छात्रों पर क्या होगा असर?

इस फैसले के बाद भविष्य में मेडिकल छात्रों के लिए विशेषज्ञता हासिल करने का प्रमुख मार्ग केवल एमडी और एमएस डिग्री कार्यक्रम होंगे। इससे विशेषज्ञ डॉक्टरों की ट्रेनिंग को अधिक एकरूपता मिलेगी और डिग्री धारकों की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता भी मजबूत होगी। हालांकि, चिकित्सा शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि सीटों के रूपांतरण की प्रक्रिया और नए एमडी/एमएस कार्यक्रमों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा कि छात्रों को इसका कितना लाभ मिल पाता है। आयोग ने यह अधिसूचना एनएमसी के अधीन सभी मेडिकल कॉलेजों, राज्य चिकित्सा शिक्षा विभागों और विश्वविद्यालयों को अनुपालन के लिए भेज दी है। इसके साथ ही संबंधित संस्थानों को समय रहते आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### तुषार मेहता 2029 तक रहेंगे सॉलिसिटर जनरल



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का कार्यकाल एक बार फिर तीन साल के लिए बढ़ा दिया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने उनकी 1 जुलाई 2026 से 30 जून 2029 तक पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी है। मेहता अक्टूबर 2018 में पहली बार सॉलिसिटर जनरल बने थे। उन्हें लगातार तीसरी बार तीन साल का विस्तार मिला है।

### बंगाल :1 लाख नौकरियां 33% महिला आरक्षण

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार ने सोमवार को अपना पहला बजट पेश किया। वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती का ऐलान किया। इनमें 20 हजार पुलिस और 50 हजार शिक्षक और गैर-शिक्षकीय पद शामिल हैं। इनमें 33% नौकरियां महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। अग्निवीरों को 10% आरक्षण मिलेगा। सरकार ने कहा कि 1 अक्टूबर से सरकारी कर्मचारियों का डीए 18% से बढ़ाकर 38% किया जाएगा।

स्विट्जरलैंड में हुई बातचीत, जारी किया गया संयुक्त बयान

# अमेरिका, ईरान 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते के लिए रूपरेखा पर हुए सहमत

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव के बीच एक बड़ी कूटनीतिक पहल सामने आई है। स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक में घंटों चली हाई लेवल मीटिंग के बाद दोनों देशों ने 60 दिनों के अंदर फाइनल एग्रीमेंट तक पहुंचने के मकसद से एक रोडमैप पर सहमति जताई है। मध्यस्थता करने वाले देशों कतर और पाकिस्तान ने सोमवार को जारी संयुक्त बयान में इस प्रगति को उत्साहजनक बताया है।

एजेंसी ▸▸ ज्यूरिख

पीस डील को लेकर यह बातचीत लेक ल्यूसर्न समिट के दौरान हुई। यह इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) के फ्रेमवर्क के तहत हुई पहली हाई लेवल कमेटी मीटिंग थी। इस पर अमेरिका और ईरान ने हस्ताक्षर किए थे। संयुक्त बयान में कहा गया कि बातचीत पॉजिटिव और कंस्ट्रक्टिव माहौल में हुई और आगे की टेक्निकल बातचीत के लिए एक मैकेनिज्म तैयार करने पर सहमति बनी है। अमेरिकी टीम का नेतृत्व उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने किया, जबकि ईरानी डेलीगेशन की कमान संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ के हाथों में थी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने भी बातचीत में हिस्सा लिया।

**यूएस-ईरान पीस डील का रोडमैप तैयार, जल्द आएगा फाइनल एग्रीमेंट**

**अमेरिकी टीम का नेतृत्व किया उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने**



### गलतफहमी रोकने बनेगा कम्युनिकेशन चैनल

दोनों देशों के बीच गलतफहमियों को रोकने के लिए एक कम्युनिकेशन चैनल भी बनाया जाएगा। ये चैनल होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले कमर्शियल जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मदद करेगा। होर्मुज स्ट्रेट फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ने वाला बेहद अहम समुद्री रास्ता है। इसे दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल ट्रांजिट चोकपॉइंट में गिना जाता है।

### इन बातों पर बनी सहमति

बैठक में हाई लेवल कमेटी बनाने पर सहमति बनी है, जो पूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखेगी। यह कमेटी चीफ नेगोशिएटर्स से नियमित रिपोर्ट लेगी। न्यूक्लियर, सैंक्शन और डिस्प्यूट रेजोल्यूशन मैकेनिज्म से जुड़े वर्किंग ग्रुप्स की निगरानी करेगी।

**पहला वास्तविक टेस्ट 'डी-कॉन्फ्लिक्टेशन सेल' होगा :** ईरान ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पाकिस्तान और कतर के मध्यस्थों ने लेबनान युद्ध खत्म करने की दिशा में बड़ी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि पहला वास्तविक टेस्ट 'डी-कॉन्फ्लिक्टेशन सेल' होगा।

### लेबनान में रहेगी सेना मौजूद : इजराइल

*इजरायल का कहना है कि उसकी सेना दक्षिणी लेबनान में तब तक मौजूद रहेगी जब तक सुरक्षा खतरे खत्म नहीं हो जाते. वहीं हिज्बुल्लाह ने कहा है कि वह हमले तभी रोकेगा जब इजरायल अपने सैनिकों की वापसी का वादा करेगा।*

### शांति के लिए लेन-देन जरूरी : अमेरिका

*जेडी वेंस ने कहा कि शांति के लिए लेन-देन जरूरी है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक मीटिंग बताते हुए कहा कि ये एक टेक्निकल बातचीत की शुरुआत है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बातचीत में हुई प्रगति की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि पहली हाई लेवल कमेटी मीटिंग सफलतापूर्वक खत्म हुई और 60 दिनों के अंदर फाइनल डील के लिए रोडमैप पर सहमति बनना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने अमेरिका और ईरान की लीडरशिप की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कतर को धन्यवाद कहा है।*

बागियों ने अभिषेक को भी महासचिव पद से हटाया

# ममता को हटाकर अरूप बने टीएमसी के नए चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

बंगाल में ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी गुट ने दावा किया कि उसने पार्टी की नई राष्ट्रीय कार्यसमिति गठित कर दी है। इस नई समिति में हावड़ा मध्य के विधायक अरूप राय को चेयरमैन बनाया गया है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस पद से हटा दिया गया है। वहीं, अभिषेक बनर्जी को भी राष्ट्रीय महासचिव पद से हटाकर नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। हालांकि, ममता खेमे ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया। तृणमूल विधायक कुणाल घोष ने कहा कि तृणमूल और ममता बनर्जी एक-दूसरे के पर्याय हैं। पार्टी के संविधान के अनुसार बागी गुट को इस तरह की समिति बनाने या नेतृत्व बदलने का कोई अधिकार नहीं है।



**यह है नई समिति :** सोमवार की बैठक में बागी गुट ने दावा किया कि वही 'असल तृणमूल' है। बैठक में चंद्रिमा भट्टाचार्य के पुत्र और पूर्व पार्षद सौरभ बसु की मौजूदगी भी चर्चा का विषय रही। बजट सत्र समाप्त होने के बाद न्यू टाउन के एक होटल में बागी विधायकों की बैठक हुई। गुट का दावा है कि इसमें 60 विधायक और कोलकाता के लगभग 70 पूर्व पार्षद शामिल हुए।

### बागी गुट का तर्क

बागी विधायक नेता ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने खुद को 'असली टीएमसी' बताते हुए बड़ा फैसला लिया है। इस गुट ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी को पद से हटाने और पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता अभिषेक बनर्जी को निलंबित करने का ऐलान किया है। ऋतब्रत बनर्जी गुट का कहना है कि पार्टी में 'संवैधानिक संकट' पैदा हो गया था। उनका दावा है कि टीएमसी के संविधान के अनुसार हर तीन साल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन होना चाहिए। आखिरी बार यह समिति फरवरी 2022 में बनी थी और उसके बाद संगठन का पुनर्गठन नहीं किया गया।




रायपुर
मंगलवार 23 जून 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी
वर्ष : 24, अंक : 333
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 38.5
न्यून. 30.1

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## मेस्सी फीफा वर्ल्ड कप के ग्रेटेस्ट गोलस्कोरर



अर्लिंगटन। फुटबॉल की दुनिया के शहंशाह लियोनेल मेस्सी ने वो ऐतिहासिक कारनामा कर दिखाया है, जिसे छूना किसी भी फुटबॉलर के लिए महज एक ख्वाब है। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में ऑस्ट्रिया के खिलाफ ग्रुप स्टेज मुकाबले में मैदान पर उतरकर गोल दागते ही मेसी वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मेस्सी के नाम अब फीफा वर्ल्ड कप में 17 गोल दर्ज हो चुके हैं।

# सोसाइटियों में 81 हजार मीट्रिक टन धान, कागजों में यही आंकड़ा दर्ज, पर स्थल से हो गए गायब

### अब या तो प्रबंधक भरेंगे धान या उसकी कीमत नहीं तो होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में देर-सबेर मानसून की एंट्री हो गई है, लेकिन राज्य में धान उपार्जन करने वाली सोसाइटियों के रिकार्ड में अभी भी 81 हजार 827.37 मीट्रिक टन धान दिखाई दे रहा है। मोटे तौर पर ये माना जा रहा है कि धान का केवल आंकड़ा ही बचा है। मौके से धान गायब है। भौतिक सत्यापन के दौरान पहले भी इस बात की पुष्टि होती रही है। अब या सोसाइटी प्रबंधकों को धान जमा करना होगा, या उसके बराबर की राशि, नहीं तो शार्टेज वाली सोसाइटी प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर होना तय माना जा रहा है।

अलग खबर

### ये है मामला

छत्तीसगढ़ में पिछले साल नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू की गई थी। यह काम बढ़ी हुई तारीख के साथ फरवरी के प्रथम सप्ताह तक किया गया। खरीदे गए धान का परिवहन या तो संग्रहण केंद्र में किया जाना था, या सोसाइटी से मिलरों को दिया जाना था, लेकिन इन दोनों काम में देर की वजह से धान का उठाव नहीं हो पाया। अभी ये पूरी तरह साफ नहीं है कि किन सोसाइटियों में कितना धान मौके पर मौजूद है, लेकिन सरकारी आंकड़ों में साफ-साफ लिखा है कि कहां कितना धान बचा है।



### 30 जिलों में धान की मात्रा शेष

राज्य के 33 जिलों की 2 हजार 740 सोसाइटियों के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदा गया था। इस धान का उठाव अप्रैल मई तक पूरा हो जाना था, लेकिन यह नहीं हुआ। राज्य में केवल तीन जिलों दंतेवाड़ा, कोरबा और धमतरी जिले से ही पूरे धान का उठाव हो पाया है। बाकी 30 जिलों के धान उपार्जन केंद्रों में धान की मात्रा शेष है। यह आंकड़ा हर जिले का अलग-अलग है। कहीं ज्यादा, कहीं कम।

### अब बचे धान का जिम्मेदार कौन

इस पूरे मामले में मोटे तौर पर ये बात कही जा सकती है कि जिन सोसाइटियों में धान बचा है, अगर उसका उठाव नहीं किया गया तो वह मानसून की बारिश में सही सलामत नहीं बच पाएगा। लेकिन जहां धान की कोई मात्रा भौतिक रूप से नहीं बची है, उसकी जिम्मेदारी सोसाइटी प्रबंधक के सिर होगी। इस मामले में या तो प्रबंधकों को या तो शार्टेज धान की मात्रा के बराबर धान जमा करना होगा। या उसकी कीमत की राशि। ये दोनों काम नहीं करने वाले प्रबंधकों पर एफआईआर की जाएगी। उन पर धान के गबन का मामला बनना तय है।

## खबर संक्षेप

### सीआईएसएफ के मुख्यालय की रखी आधारशिला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के नए मुख्यालय भवन की आधारशिला रखी। सीआईएसएफ के लिए यह नया भवन लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में मौजूदा मुख्यालय भवन के निकट बनाया जाएगा यह भवन 0.66 एकड़ भूमि पर लगभग 75.78 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया जाएगा।




### ट्रक और वैन की टक्कर में छह मजदूरों की मौत

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में सोमवार को मजदूरों से भरी एक खड़ी पिकअप वैन को ट्रक द्वारा टक्कर मार दिए जाने से छह लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। यह हादसा तेमनी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। इस बीच, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपए की घोषणा की। अन्य घायलों को 50-50 हजार की सहायता देने की घोषणा की।

### हवाईअड्डे पर 4.83 करोड़ का गांजा बरामद

**नई दिल्ली।** नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से आए एक भारतीय यात्री से लगभग 4.80 करोड़ रुपए मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। यात्री 21 जून को एअर इंडिया की उड़ान एआई 2335 से बैंकॉक से आया था।



### कुछ देर के लिए ठप पड़ा एक्स

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को सोमवार शाम कुछ समय के लिए तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा। इस दौरान कई यूजर्स ने लॉगिन करने, पोस्ट देखने और प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने में परेशानी की शिकायत की। आउटेज ट्रैक करने वाली वेबसाइट डाउन डिटेक्टर पर अचानक शिकायतों की संख्या तेजी से बढ़ गई। शाम 7:35 बजे तक वेबसाइट पर 1758 से ज्यादा शिकायतें दर्ज की गईं। इससे पहले शिकायतों की संख्या केवल 2 के आसपास थी।

### 'आधार' मोबाइल ऐप 3.1 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की तरफ से पेश नए 'आधार' मोबाइल ऐप को पांच माह के भीतर ही 3.1 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। इस ऐप के माध्यम से करीब 40 लाख उपयोगकर्ताओं ने अपने मोबाइल नंबर को अद्यतन किया है, जबकि लगभग 8.5 लाख लोगों ने पते में संशोधन की सुविधा का उपयोग किया है।




## रायपुर समेत कई शहरों में झमाझम, दंतेवाड़ा से 48 घंटे में फैलेगा मानसून

# 7 दिन देर से बरसी 'मानसूनी राहत'...दंतेवाड़ा से एंट्री, आज-कल में रायपुर में मंगल प्रवेश



*सात दिन विलंब से ही सही आखिरकार दक्षिण पश्चिम मानसून ने दंतेवाड़ा के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर लिया। मानसून की एंट्री जोरदार रही और बस्तर के कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई। दोपहर राजधानी रायपुर समेत कई शहरों में भी काफी देर कर पानी बरसा। परिस्थितियां अनुकूल होने की वजह से इसके अगले 48 घंटे में प्रदेश के बड़े इलाके को कव्हर करने की उम्मीद है। राज्य में आने वाले दिनों में वर्षा की गतिविधि बढ़ने के आसार बन रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिस्टम के अभाव में प्रदेश के दक्षिणी सीमा पर काफी समय तक जमे रहने के बाद मानसून ने 22 जून को दंतेवाड़ा तक प्रवेश कर लिया। मानसून के प्रवेश के दौरान दंतेवाड़ा, जगदलपुर समेत बस्तर के कई इलाकों में बारिश हुई। इतना ही नहीं, मानसूनी बादल ने राजधानी रायपुर समेत आसपास के इलाकों में भी असर दिखाया और दोपहर में यहां भी काफी देर तक बरसात होती रही। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर बरसने वाले बादल छाए हुए हैं यानी मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थिति बनी हुई है। माना जा रहा है कि बारिश की गतिविधि बढ़ने के साथ अगले 48 घंटे में छत्तीसगढ़ का बड़ा हिस्सा मानसून की जद में आ सकता है। बरसात की गतिविधि शुरू होने के बाद तापमान में गिरावट आने से तेज गर्मी का प्रभाव कम हुआ है, मगर पर्याप्त बारिश होने तक उमस वाली बेचैनी लोगों को हलाकान कर सकती है। वर्तमान में मानसून की उत्तरी सीमा अलीबाग, पुणे, निजामाबाद, दंतेवाड़ा, बलांगीर, सुंदरगढ़, चात्र, गया, मुजफ्फरपुर है। इसके अलावा सीजनल द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर राजस्थान से बिहार तक स्थित है।

खास खबर


### मानसून द्रोणिका का सहारा

मौसम विशेषज्ञों की मानें, तो अभी मानसून को जोरदार तरीके से सक्रिय करने के लायक बंगाल की खाड़ी में कोई बड़ा सहायक सिस्टम नहीं है। इसकी वजह से बारिश की स्थिति पर संशय की स्थिति बनी हुई है। मानसून को आगे बढ़ने के लिए सीजनल ट्रफ यानी मानसून द्रोणिका ही बड़ा सहारा है। आने वाले दिनों में बंगाल की खाड़ी में सिस्टम तैयार होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।



**कब-कब आया मानसून**

| वर्ष | तारीख (जून) |
|---|---|
| 2021 | 10 |
| 2022 | 16 |
| 2023 | 23 |
| 2024 | 8 |
| 2025 | 16 |
| 2026 | 22 दंतेवाड़ा से एंट्री |




### 48 घंटे में इन राज्यों में देगा दस्तक

भारत मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 48 घंटों के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई सहित महाराष्ट्र में आगे बढ़ने के लिए हालात अनुकूल हैं। महाराष्ट्र के साथ-साथ तेलंगाना और ओडिशा के बाकी हिस्सों और झारखंड व बिहार के कुछ और इलाकों में भी आगे बढ़ने के लिए हालात अनुकूल हैं।



### मुंबई में लगातार दूसरे दिन बारिश

मुंबई के कई इलाकों में सोमवार सुबह गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश हुई। शहर के कई हिस्सों में लगातार दूसरे दिन बारिश हुई, जिससे गर्मी और उमस से लोगों को काफी राहत मिली। घने बादलों और ठंडी हवाओं ने पूरे महानगर की सुबह को सुहावना और खुशनुमा बना दिया। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून आमतौर पर 10 जून के आसपास मुंबई पहुंच जाता है लेकिन इस वर्ष इसके आगमन में देरी हुई है।

### अनुमानित समय से देर से आया

इस बार मानसून के छत्तीसगढ़ अपने समय यानी 13 जून से पहले आने का अनुमान था। केरल से आगे बढ़ने के बाद सिस्टम कमजोर हो गया और संभावित तारीख लगातार आगे बढ़ती रही। इस बार मानसून का प्रवेश उस तारीख पर हुआ जब उसे पूरे प्रदेश में सक्रिय हो जाना था। इस बार मानसून की एंट्री दंतेवाड़ा तक हुई। पिछली बार इसका आगमन सुकमा के रास्ते हुआ था और जगदलपुर पहुंचने तक काफी दिन बीत गए थे।

### बस्तर में जमकर बरसे बादल

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में मानसूनी बारिश का प्रभाव बस्तर इलाके में नजर आया। जगदलपुर में 72 मिमी. तक बारिश हो गई। इसके अलावा दंतेवाड़ा में भी करीब 5 सेमी. बारिश हुई। सुकमा, कटेकल्याण, गीदम जैसे इलाकों में भी पानी बरसा। सोमवार को दोपहर रायपुर और आसपास के इलाकों में अच्छी बारिश हुई और आंकड़ा एक सेमी. तक पहुंचा।

### कश्मीर में भारी बारिश और ओलावृष्टि

*कश्मीर के बड़े हिस्से में सोमवार को भारी बारिश हुई, जबकि कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई, जिससे श्रीनगर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। श्रीनगर शहर सहित घाटी के कई हिस्सों में दोपहर में भारी बारिश हुई, जिससे दिन के तापमान में कई डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।*

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला**

## राम मंदिर में गबन, एफआईआर और सीबीआई जांच की गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक याचिका दायर की गई, जिसमें अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने और निष्पक्ष एवं समय-सीमा के भीतर जांच का अनुरोध किया गया है। दो वकीलों की ओर से दायर इस याचिका में अनुरोध किया गया है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की अगुवाई वाले बहु-विषयक विशेष जांच दल को 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के कामकाज और प्रशासन से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं और अन्य 'गैर-कानूनी कार्यों' की जांच करनी चाहिए। याचिका में केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और न्यास को ऐसी नियामक, पर्यवेक्षी तथा लेखा-परीक्षण प्रणाली बनाने और उन्हें लागू करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया।

### स्वतंत्र रूप से जांच की मांग

याचिका में कहा गया है कि न्यास की गायब राशि और दूसरी कथित अनियमितताओं की रिपोर्ट की सच्चाई की स्वतंत्र रूप से जांच होनी चाहिए। यह जांच एक ऐसी एजेंसी करे जिसके पास जटिल वित्तीय और आपराधिक जांच को संभालने के लिए ज़रूरी विशेषज्ञता, संसाधन और संस्थागत तंत्र हों। याचिका में कहा गया है, ऐसी जांच से जनता का भरोसा ज़्यादा बढ़ेगा, बजाय इसके कि प्रशासनिक अधिकारियों वाला विशेष जांच दल शुरुआती जांच करे, जिनके पास आपराधिक जांच में खास योग्यता नहीं हो सकती है।

### चढ़ावा गिनने वाले 40 कर्मचारी हटाए

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा गिनने वाले 40 कर्मचारियों को सोमवार को हटा दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, उनकी जगह दूसरे कर्मचारियों को ड्यूटी में लगाया गया है। हटाए गए कर्मचारियों को दूसरी जगह ड्यूटी पर लगाया गया है। इधर, धर्म सेना के अध्यक्ष संतोष दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा है। उन्होंने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग करने की मांग की है।

### ट्रस्ट के पुनर्गठन की संस्तुति

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तैयार कर ली है। एसआईटी द्वारा तैयार की गई प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में वित्तीय पारदर्शिता व प्रबंधन में सुधार के लिए कई तरह की संस्तुतियां की गईं हैं, जिनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पुनर्गठन करने के साथ श्रीकाशी विश्वनाथ धाम की भांति मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति किए जाने की संस्तुति है। चढ़ावा प्रकरण सात जून को सामने आने के बाद राज्य सरकार की ओर से गठित विशेष जांच दल ने गत सोमवार 15 जून को अपनी जांच शुरू की थी।

**एसबीआई में धोखाधड़ी पर सीबीआई की कार्रवाई**

## दो दशक से फरार अपराधियों को रायपुर और अहमदनगर से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली




सीबीआई के भारतीय स्टेट बैंक की धनबाद मुख्य शाखा से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी और गबन के मामले में लगभग दो दशकों से फरार चल रहे दो घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बृजभूषण प्रसाद और करतार सिंह के रूप में हुई है। एक आरोपी को अहमदनगर और दूसरे आरोपी को रायपुर से पकड़ा गया है। यह मामला एसबीआई की धनबाद मुख्य शाखा से नवंबर 2002 से जून 2005 के बीच 1 करोड़ 25 लाख 47 हजार 950 रुपये के धोखाधड़ीपूर्ण गबन से संबंधित है। इस संबंध में सीबीआई ने 31 अगस्त 2005 को मामला दर्ज किया था।

### फर्जी पहचान के साथ रह रहे थे आरोपी

बृजभूषण प्रसाद को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के कोपरगांव और करतार सिंह को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से दबोचा गया। दोनों आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए पिछले लगभग 20 वर्षों से फर्जी पहचान के साथ रह रहे थे। लंबे समय से फरार चल रहे इन आरोपियों की गिरफ्तारी को सीबीआई की एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

**छोड़ने के नाम पर मांगने लगे दस-दस हजार रुपए**

## प्लेसमेंट के नाम पर चेन्नई गई तीन युवतियों को बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सरगुजा के सीतापुर क्षेत्र से प्लेसमेंट के नाम पर चेन्नई गई तीन युवतियों को बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। बंधक बनाई गई युवतियों ने अपना वीडियो बनाकर वायरल किया और मदद की गुहार लगाने के साथ ही विधायक से सम्पर्क किया। इधर विधायक ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चियों को सकुशल वापस लाने की पहल की और बच्चियों को छुड़ाने के बाद सरगुजा के लिए ▶▶| शेष पेज 7 पर



### वीडियो बनाकर लगाई मदद की गुहार

बंधक बनाई गई युवतियों ने वीडियो बनाकर मदद की गुहार लगाई और विधायक राम कुमार टोप्पो से भी संपर्क किया। सूचना के बाद विधायक राम कुमार टोप्पो ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय ▶▶| शेष पेज 7

### सकुशल किया गया बरामद

तीन बच्चों ने फोन के माध्यम से बंधक बनाए जाने की सूचना दी थी। सभी को सकुशल निकाल लिया गया है और जल्द ही वे अपने घर वापस आ जाएंगी। युवा जागरूक रहे, किसी के साथ ही कोई घटना हो सकती है इसलिए मदद हेतु उनके पास संपर्क नंबर होना चाहिए।

-राम कुमार टोप्पो, विधायक, सीतापुर

**ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने पद त्यागा, 10 साल में छठे पीएम ने छोड़ी कुर्सी**

# इतिहास रचा, सरकार बनाई और फिर इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| लंदन

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को अचानक इस्तीफा दे दिया। इससे उनके दो साल से भी कम समय चले प्रधानमंत्रित्व काल का अंत हो गया। अगले पीएम के चुने जाने तक वह इस पद पर बने रहेंगे। पिछले 10 साल में कीर स्टार्मर छठे ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने कुर्सी छोड़ दी। जुलाई 2024 के आम चुनाव में कीर स्टार्मर ने 174 सीटों के बड़े बहुमत के साथ शानदार जीत हासिल कर इतिहास रचा था। इसके बाद उन्होंने नई सरकार बनाई। पिछले कुछ महीनों में उनके ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ नया नेता चुने जाने तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में पद पर बने रहेंगे



### स्टार्मर बोले- देश को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय

10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर दिए गए भावुक भाषण में स्टार्मर ने कहा कि मैंने जो भी निर्णय लिए, वे हमेशा अपने प्रिय देश को सर्वोपरि रखते हुए लिए गए। इसीलिए मैं आज लेबर पार्टी के नेता पद से इस्तीफा दे रहा हूं। उन्होंने अपने इस्तीफे को राष्ट्रीय हित में लिया गया कदम बताया, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला महीनों से हो रहे आंतरिक विद्रोह, पार्टी के भीतर असंतोष, घटते जनसमर्थन और लगातार विवादों का नतीजा था।

### लेबर पार्टी के अंदर गहराता विद्रोह

बताया जाता है कि स्टार्मर के इस्तीफे का सबसे बड़ा कारण उनकी अपनी पार्टी के भीतर बढ़ता असंतोष था। लेबर पार्टी के 100 से अधिक सांसदों ने पिछले कुछ हफ्तों में उनसे इस्तीफा देने की मांग की थी। कई वरिष्ठ मंत्रियों ने निजी बैठकें कर सवाल उठाया था कि क्या स्टार्मर अगले आम चुनाव में पार्टी को जीत दिला पाएंगे। स्टार्मर ने अपने भाषण में अप्रत्यक्ष रूप से इस कमी को स्वीकार भी किया। उन्होंने कहा कि अब सवाल यह बन गया था कि क्या वे लेबर पार्टी के लिए सही नेता बने हुए हैं।

### बार-बार नीतिगत यू-टर्न

स्टार्मर सरकार पर कल्याणकारी सुधारों, सामाजिक लाभों में कटौती, रक्षा खर्च बढ़ाने और आर्थिक नीतियों को लेकर लगातार उलटफेर करने के आरोप लगे। विरोध प्रदर्शनों और पार्टी के भीतर असहमति के बाद कई बड़े फैसलों को या तो नरम किया गया या पूरी तरह उलट दिया गया। इन यू-टर्नों ने जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उनकी विश्वसनीयता को गंभीर नुकसान पहुंचाया। 2024 के आम चुनाव में लेबर पार्टी को भारी बहुमत दिलाने के बावजूद स्टार्मर सरकार उस जनादेश को स्थिर और प्रभावी शासन में बदलने में संघर्ष करती रही। नीतिगत अस्थिरता ने नेतृत्व की छवि को कमजोर कर दिया।

# ग्रामीण के घर में घुसा तेंदुआ, वन अमले ने 8 घंटे में पकड़ा

बलौदाबाजार जिले के सोनाखान वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम महकम में सोमवार को एक नर तेंदुए का सफल रेस्क्यू किया गया। तेंदुआ एक ग्रामीण के घर में घुस था और करीब 8 घंटे तक वहीं मौजूद रहा, जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बना रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल/ गिधौरी

वन विभाग, वन्यजीव चिकित्सकों और रेस्क्यू टीम की संयुक्त कार्रवाई से तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम महकम निवासी सुनील साहू के घर में अचानक एक तेंदुआ घुस गया। घर में तेंदुए की मौजूदगी की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गयी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने तत्काल क्षेत्र की घेराबंदी कर लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने की सलाह दी तथा रेस्क्यू अभियान शुरू किया। करीब 8 घंटे तक चले इस चुनौतीपूर्ण अभियान में बिलासपुर से पहुंचे वन्यजीव चिकित्सक डॉ. चंदन वर्मा ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभाला।



## उदंती सीतानदी के जंगल में बाघिन का विचरण

**धमतरी**। उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व में अत्यंत उत्साहजनक खबर सामने आई है। हाल ही में विभिन्न कैमरा ट्रैप से प्राप्त विडियो और तस्वीरों ने एक बाघिन की नियमित उपस्थिति की पुष्टि की है। संभवतः बाघिन प्राकृतिक रूप से विचरण करते हुए यूएटीआर के जंगल पहुंची है और इस क्षेत्र को नया घर बना रही है। टायगर रिजर्व से प्राप्त जानकारी के अनुसार लंबे समय से बाघों की वापसी का इंतजार कर रहे उदंती सीतानदी के लिए इस बाघिन का आगमन मात्र वन्यजीव दृश्य नहीं है बल्कि पूरे परिदृश्य के पुनर्जीवन के संकेत और नई आशा की किरण है।



### खबर संक्षेप

## रिश्वत मांगने की शिकायत पर तहसील कार्यालय की महिला कर्मचारी निलंबित

**कोरबा**। जिले में शासकीय कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत ने तहसील कार्यालय कटघोरा में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 श्रीमती मंजू कृष्णा धिरही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं दण्डाधिकारी कटघोरा के समक्ष एक शिकायत प्रस्तुत की गई थी, जिसमें तहसील कार्यालय कटघोरा में नक़ल जारी करने के एवज में आवेदक किशन कुमार से अवैध राशि की मांग किए जाने का आरोप लगाया गया था। शिकायत के समर्थन में वीडियो रिकॉर्डिंग भी प्रस्तुत की गई थी। मामले की जांच एवं परीक्षण के उपरांत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा द्वारा श्रीमती मंजू कृष्णा धिरही के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने की अनुशंसा करते हुए प्रतिवेदन जिला प्रशासन को भेजा गया। प्रतिवेदन के परीक्षण के बाद कलेक्टर कोरबा ने पाया कि संबंधित कर्मचारी का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के विपरीत है। इस आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत कार्रवाई करते हुए मंजू कृष्णा धिरही, सहायक ग्रेड-2, तहसील कार्यालय कटघोरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### उदंती सीतानदी अभ्यारण के लोगों ने मूलभूत सुविधा की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

# टाइगर रिजर्व के 60 गांवों के हजारों आदिवासियों ने कलेक्टोरेट को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सोमवार को जल जंगल जमीन संघर्ष समिति के बैनर तले उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के हजारों आदिवासियों ने कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। प्रदर्शनकारियों की भारी संख्या को देखते हुए प्रशासन ने ग्राम बनरौद में बेरिकेट लगाकर रोकने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाए। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा सहित आलाधिकारी ने उनकी मांगों पर चर्चा कर प्रतिनिधि मंडल को वनमंत्री से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया लेकिन प्रदर्शनकारी कलेक्टर के आश्वासन पर संतुष्ठ नहीं हुए। समाचार लिखे जाने तक हजारों लोग कलेक्टोरेट मार्ग पर धरना में बैठे रहे।

- वनमंत्री से प्रतिनिधि मंडल की बैठक कराने का कलेक्टर ने दिया आश्वासन

टाइगर रिजर्व क्षेत्र के करीब 45 गांव के आदिवासी मूलभूत सुविधा एवं अन्य मांग को लेकर 22 जून को कलेक्टोरेट घेराव का ऐलान किया। इस ऐलान में प्रशासन सकते में आ गया। नगरी एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों और पुलिस अफसरों ने समिति के पदाधिकारों की बैठक रविवार को बुलाई। आदिवासियों ने एसडीएम की नहीं सुनी। साफ किया कि अधूरे विकास कार्यों, आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण की मांग को लेकर 22 जून को कलेक्टोरेट घेराव होगा। टाइगर रिजर्व क्षेत्र के हजारोंरों आदिवासी बस, पिकअप सहित विभिन्न वाहनों में टानीटोला चौक पहुंचे। यहां से पैदल मार्च करते हुए कलेक्टोरेट घेरने पहुंचे। फिर जनपद के सामने कलेक्टोरेट मार्ग में धरने पर बैठ गए। इस दौरान कलेक्टोरेट मार्ग में आवाजाही बाधित हो गई। लोगों को दूसरे रास्ते का सहारा लेना पड़ा। जल जंगल जमीन संघर्ष समिति के प्रमुख नरेश मांझी, संजय नेताम, मनोज साक्षी, श्रीधन सोम, रेवा प्रसाद देवदास, सुभाष सोरी, प्रकाश नेताम आदि ने बताया कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत 60 गांव में मूलभूत सुविधा की कमी है। कई विकास कार्य अधूरे पड़े हैं। दूरस्थ गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से नहीं है। मांगों में अरसहीकन्हार से गरहाडीह जक्शन तक 25 किमी पक्की सड़क, गहनासियार से जोरातराई तक 25 किमी सड़क, खल्लारी से चमेदा तक 5 किमी सड़क, टेहनी एवं बेलबाहरा के सभी ग्रामों तक सड़क, खल्लारी से नवागांव तक 5 किमी सड़क, देवरी और बेलरबाहरा के आश्रित ग्रामों तक सड़क, खल्लारी से लिखमा तक 15 किमी सड़क, आधा मांझी से बुढ़रा तक 4 किमी पक्की सड़क जरूरी है।





### दूसरे जिला से भी बुलाई फोर्स

व्यापक रूप से आंदोलनकारियों को देखते हुए आसपास जिलों से भी पुलिस बल बुलाया गया है। आंदोलनकारियों का कहना है कि वे एक माह का राशन लेकर पहुंचे हैं। अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो परिवार समेत प्रदर्शन किया जाएगा।

### आंदोलन को विफल करने का प्रयास

इस आंदोलन में सहयोगी संगठन के रूप में किसान संघर्ष समिति जोन बेलरबाहरा, अभ्यारण संघर्ष समिति क्षेत्र रिसगांव, अभ्यारण समिति क्षेत्र बोराई, अभ्यारण संघर्ष समिति क्षेत्र बहीगांव, जय अम्बेडकर वादी युवा संगठन राजा पड़ाव क्षेत्र गरियाबंद किसान, मजदूर संघर्ष समिति क्षेत्र उदंती गरियाबंद परिवर्तित राजस्व ग्राम समिति जिला गरियाबंद के सदस्य शामिल है। इसमें 40 गांव धमतरी जिला तथा 20 गांव 20 ग्राम गरियाबंद से है। समितियों ने बताया कि कलेक्टर घेराव को रोकने प्रशासन ने विभिन्न हथकंडे अपनाए हैं। जिसमें सांकरा से लेकर दुगली की ओर सभी पेट्रोल पंपों को बंद कर दिया गया था। बनरौद के पास बेरिगेट्स लगाकर आंदोलनकारियों का रोकने का भरपूर प्रयास किया गया है। वहीं दानीटोला के पास आदिवासियों की सैलाब को देखते हुए पुलिस फोर्स ने बातचीत के लिए रोकने की कोशिश की है।

## शहर के बीचों-बीच कपड़ा दुकान में लगी आग, तीन मंजिला प्रतिष्ठान जलकर खाक

**कवर्धा**। शहर के मुख्य बाजार में रविवार रात एक कपड़ा दुकान में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और तीन मंजिला प्रतिष्ठान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान के भीतर रखे सामान को बाहर निकालने का अवसर नहीं मिल सका।




घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। वहीं कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक तीन मंजिला प्रतिष्ठान पूरी तरह जल चुका था। आगजनी में दुकान में रखा कपड़ा, फर्नीचर और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई।

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार व्यापारी को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान संचालक नदीम अंसारी ने बताया कि वह रात करीब साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर घर गए थे। कुछ समय बाद लोगों का फोन आया कि उनकी दुकान से आग की लपटें निकल रही हैं। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग पूरे प्रतिष्ठान में फैल चुकी थी।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं।

## बाइक तालाब में गिरी एक युवक की मौत

**कांकेर**। भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दाबकट्टा में मेला देखकर लौट रहे तीन युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। हादसे में 18 वर्षीय अर्जून विश्वकर्मा की डूबने से मौत हो गई, जबकि दो युवक बाहर निकल आए। दो दिन बाद ग्रामीणों की मदद से तालाब से शव बरामद किया गया। मर्ग जांच में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाना सामने आने पर पुलिस ने चालक शिवराज विश्वकर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 एवं 106(1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।


HMS साईटिका तेल

शिव सायटिका — सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है

लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

सीला मलहम®

अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे ....

HMS देखकर खरीदें 94060-21769


### इंस्टाग्राम में चल रहा था विवाद

## आपसी विवाद हुआ विस्फोटक, बीच बचाव करने आए युवक की हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नाबालिक बच्चों के बीच इंस्टाग्राम सोशल मीडिया में विवाद चल आ रहा था और इस विवाद के चलते नाबालिगों के बीच विवाद भी हुआ था। यह विवाद इतना बढ़ गया कि रविवार की देर रात दोनों पक्षों में जमकर मारपीट की घटना हुई। इस बीच मारपीट के दौरान बचाव करने पहुंचा एक डीजे संचालक की डंडे से पीट पीटकर हत्या कर दी गई है। हत्या की वारदात के बाद बस्ती में सनसनी फैल गई। हत्या की सूचना के बाद पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की गई। पुलिस की टीम चंद घंटों के भीतर ही वारदात में शामिल तीन नाबालिग सहित 6 लोगों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

- तीन नाबालिग सहित 6 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के रामसागरपारा बस्ती की है। रामसागरपारा तालाब के पास रविवार रात एक हिंसक घटना में बीच-बचाव करने पहुंचे युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान रामसागरपारा निवासी रवि यादव पिता कृष्णा लाल यादव के रूप में हुई है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि रामसागरपारा बस्ती में ही निवास करने वाले कुछ नाबालिग के बीच सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम में विवाद चल रहा था और 9 जून को इसी विवाद के चलते नाबालिग के बीच मारपीट की घटना सामने आयी थी जिस पर कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज हुआ था। यह विवाद धीरे धीरे बढ़ता चला गया और रविवार की रात रामसागर पारा में रहने वाले दोनों नाबालिग पक्षों का आमना सामने हो गया और दोनों पक्षों के मध्य जमकर मारपीट हो गई। उसी बस्ती में निवास करने वाला डीजे संचालक रवि यादव मारपीट में बीच बचाव करने पहुंचा तो युवकों ने उसके डंडे से पिटाई कर दी और सिर पर गंभीर चोट लगने से रवि यादव की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला।


हरिभूमि HEALTH CARE

छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल — Skin Care
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130


ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence
ALLEN
NEET ka Next Attempt?
Banao apna Best Attempt.
With ALLEN's Proven Expertise in COMPUTER BASED TEST (CBT)
Exam easy ho ya difficult par competition tough hai. Stay ahead with ALLEN.
Doubt hai? Hum solve karenge.
Concept mein confusion? Hum clear karenge.
Sahi direction chahiye? Hum guide karenge.
They made it happen with ALLEN. Now it's your turn.
Rudhi N. Khatua AIIMS, Bhubaneswar AIR 227807 2024 AIR 306 2025
Deepak Kumar ABVIMS, New Delhi AIR 29890 2024 AIR 402 2025
Samarth Sharma AIIMS, Bhopal AIR 103252 2024 AIR 409 2025
Sanskar Sahu AIIMS, Jodhpur AIR 62157 2024 AIR 422 2025
Ronak SMS MC, Jaipur AIR 28807 2024 AIR 445 2025
Rajat AIIMS, Jodhpur AIR 85699 2024 AIR 485 2025
Shubham Kr. Jha AIIMS, Bhopal AIR 46214 2024 AIR 490 2025
Priyanshu Aanand AIIMS, Rishikesh AIR 26148 2024 AIR 588 2025
Hariom Malav AIIMS, Jodhpur AIR 31622 2024 AIR 603 2025
Palak Kumari AIIMS, Jodhpur AIR 25939 2024 AIR 606 2025
*Graph not to scale
...and many more success stories
ADMISSION ANNOUNCEMENT (Session 2026-27)
NEET (UG) | JEE (MAIN+ADV.) | OLYMPIADS | BOARDS
Class 11th
Nurture Course
NEET (UG): 11 June 2026 (Hindi & English)
JEE (Main+Adv.): 11 June 2026 (Hindi & English)
Class 12th Pass
Leader Course
NEET (UG): 25 June & 6 July 2026 (Hindi & English)
JEE (Main+Adv.): 11 June 2026
Class 12th Pass / Ex-ALLEN
Achiever Course
NEET (UG) : 25 June 2026 (Only at Raipur)
Class 8th to 10th
Pre-Nurture & Career Foundation
CLASS 8th, 9th & 10th : 26 June 2026
Attention! Get up to 90%*Scholarship based on JEE/NEET 2026 rank/score. *T&C Apply.
SIGN UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
Test Dates 28 June & 5 July
DIRECT ADMISSION ALSO AVAILABLE
For test dates & course start dates visit website or nearest centre.
*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
ALLEN RAIPUR 89513 95440 allen.ac.in/raipur
ALLEN BILASPUR 89513 95460 allen.ac.in/bilaspur
ALLEN BHILAI 90487 77388 allen.ac.in/bhilai
ALLEN KOTA 86906 60111 allen.in
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with Allen.

चिंतन

# आगजनी रोकने के लिए नियम सख्ती से लागू हों

देशभर में आगजनी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इस बार गर्मी में पहले की तुलना में ऐसे हादसे बढ़ गए हैं। इसकी ज्यादातर वजहें एसी के कंप्रेशर्स का फटना, शॉर्ट सर्किट और गैस सिलेंडरों का फटना है। ताजा मामला लखनऊ के कोचिंग सेंटर का है जहां दो मंजिला इमारत में आग लग गई। इस भीषण हादसे में अनेक छात्रों समेत 15 से अधिक लोगों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि दूसरे फ्लोर पर चल रहे कोचिंग सेंटर में एसी का कंप्रेशर फटने से आग लगी। इसके बाद घबराए छात्रों ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया। ज्यादातर बच्चों की मौत दम घुटने के कारण हुई है। इससे पहले दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई थी। तब आग लगने का कारण रसोई में खाना पकाने वाली गैस का रिसाव या अत्यधिक गर्म तेल (ऑयल फ्रायर) था। वहीं, कुछ दिन पहले हरियाणा में रोहतक के एक मुख्य बाजार में भी एसी का कंप्रेशर फटने लगी आग में तीन लोग जिंदा जल गए थे और एक दर्जन से अधिक दुकानें भी जलकर राख हो गई थी। बिजली के उपकरणों के अधिक प्रयोग से शॉर्ट सर्किट जैसे घटनाएं हो रहीं हैं। भीषण गर्मी के कारण आग ज्यादा भड़कती है और यह भयावह रूप ले लेती है। ये हादसे बताते हैं कि शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में नियमों की पूरी तरह से अवहेलना की गई है। आग लगने के बाद मौके पर अग्निशमन यंत्र के उपाय न होना, फायर ब्रिगेड का समय पर नहीं पहुंचना, दमकल विभाग के पास आवश्यक संसाधनों की कमी, शहरों में फायर हाइड्रेंट की अनउलब्धता समेत कई ऐसे कारण हैं जो समय पर नहीं मिल पाते और आग भयावह रूप ले लेती है। ऐसे यंत्र समय पर मिलें तो बड़ा हादसा रोकने में आसानी हो जाती है। हालांकि शहरों में अनियंत्रित विकास, छोटी-छोटी जगहों पर कॉम्प्लेक्स, बाजारों की संकरी गलियां, फायर एनओसी नहीं होना और प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में आंखें मूंद लेना। ऐसे कई कारण हैं जो इन हादसों को बड़ा बना देते हैं। प्रशासन और लोगों को किसी भी चीज की तभी याद आती है जब जरूरत होती है या हादसे होते हैं। इससे पहले तो सभी शांति से रहते हैं और किसी भी चीज की डिमांड नहीं करते। यदि समय रहते प्रशासन और आमजन जागरूक हों और प्रशासन भी प्रोएक्टिव रवैया अपनाएं तो ऐसे हादसों को रोकने में मदद मिल सकती है। प्रशासन को सभी नियम सख्ती से लागू करने होंगे और नियम तोड़ने वालों को दंडित करना होगा। तभी ऐसी समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। इसके बाद ही छात्र, आमजन और बाजार सुरक्षित होंगे। लोगों को भी ऐसी घटनओं के प्रति सजग रहना होगा और मकान, होटल या दुकान निर्माण के समय ही सभी नियमों का पालन करना होगा। लखनऊ, दिल्ली और रोहतक जैसी घटनाएं स्पष्ट संकेत हैं कि आगजनी अब केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी का परिणाम बनती जा रही है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच फायर सेफ्टी को प्राथमिकता देना समय की मांग है। प्रशासन को नियमित निरीक्षण, फायर एनओसी की अनिवार्यता और नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और आम नागरिकों को भी सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक होना होगा। जब तक रोकथाम, तैयारी और जवाबदेही की संस्कृति विकसित नहीं होगी, तब तक ऐसे हादसे निर्दोष लोगों की जान लेते रहेंगे। सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य जिम्मेदारी है।

# संकल्प से समृद्ध मोदी का कार्यकाल



विकसित भारत 2047
नरेंद्र सिंह तोमर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे कर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक पड़ाव हासिल किया है। इस अवसर पर उनके कार्यकाल की तुलना देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल से की जा रही है। हालांकि दोनों नेताओं ने अलग-अलग समय और परिस्थितियों में देश का नेतृत्व किया, लेकिन दोनों के सामने राष्ट्र निर्माण की बड़ी चुनौतियां थीं। नेहरू ने स्वतंत्र भारत की नींव मजबूत की, वहीं मोदी विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह तुलना केवल दो प्रधानमंत्रियों की नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा के विभिन्न पड़ावों की भी कहानी है।

बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे किए हैं। संदर्भ बता रहे हैं कि इस तरह उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल का एक-एक दिन 2047 के विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करने संकल्प को पूरा करने में गुजरा है। वह विकास जो भौतिक प्रगति का प्रतीक नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और वैचारिक सम्पन्नता का प्रतीक होता है। हम गर्व से कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में भारत ने अपनी उस खोई हुई सांस्कृतिक चेतना को पुनः पाया है जो कभी उसकी पहचान हुआ करती थी। एक तरफ काशी विश्वनाथ धाम, भव्य राम मंदिर का निर्माण और केदारनाथ का पुनरुद्धार है, तो दूसरी तरफ आधुनिक वंदे भारत ट्रेनें और विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे हैं। यह 'विकास भी, विरासत भी' का वह अनूठा संगम है, जिसने आधुनिकता की अंधी दौड़ में भारतीयता के गौरव को सर्वोपरि बनाए रखा है।

जब दो प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल की अवधि की तुलना होती है तो उनके कार्य और उपलब्धियों की तुलना होना स्वाभाविक है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को आजाद भारत का शिल्पकार कहा जाता है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी जी आज 2047 के विकसित भारत के संकल्प का नेतृत्व कर कर रहे हैं। वे ऐसे देश का नेतृत्व कर रहे हैं जो 80 साल पहले की तुलना में ज्यादा जटिल है। आज सरकार को डिजिटल, आर्थिक और सामरिक मंच पर ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जो स्वतंत्रता के समय नहीं थीं। नेहरू के समय भारत की आबादी करीब 34 करोड़ थी, जो आज करीब 4.3 गुना बढ़ चुकी है। पं. नेहरू के समय भारत की जीडीपी लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये थी और औसत विकास दर 3.5-4 प्रतिशत थी, जबकि 2026 तक मोदी के नेतृत्व में जीडीपी बढ़कर 357 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई और देश तेजी से वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बन चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमने देश की जीडीपी और विकास दर में पिछले दशकों की तुलना में एक बड़ा और ऐतिहासिक परितर्वन देखा है। यह उन्नति भी कितनी सुखद है कि पीएम मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार न केवल बढ़ा है, बल्कि साल 2014-15 में जो नॉमिनल जीडीपी 106.57 लाख करोड़ थी, वह साल 2024-25 तक तीन गुना बढ़कर 331.03 लाख करोड़ रुपए के स्तर तक पहुंच गई है। इस उपलब्धि पर गौर करते समय हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पीएम मोदी जी के कार्यकाल में भारत ने कोविड-19 महामारी, वैश्विक मुद्रास्फीति, भू-राजनीतिक संघर्षों और सप्लाई-चेन में आई बड़ी रुकावटों को देखा है। इन स्थितियों के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना है। तथ्य यह भी है कि स्वतंत्रता के शुरुआती दशकों में जब नेहरू देश के प्रधानमंत्री थे तब हमारा देश आयात पर बहुत अधिक निर्भर था। तब विदेशी मुद्रा का संकट एक बड़ी चुनौती थी। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में बीते एक दशक में भारत की वैश्विक



व्यापारिक हिस्सेदारी बहुत मजबूत हुई है। वर्ष 2013-14 में देश का कुल निर्यात जो 468 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, वह साल 2024-25 में करीब 76 प्रतिशत बढ़कर 825 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। जब भारत आजाद हुआ, तब देश गरीबी, अशिक्षा, खाद्यान्न की कमी और नए राष्ट्र के निर्माण जैसी बड़ी समस्याओं से जूझ रहा था। 1950 के दशक में लोगों की सबसे बड़ी जरूरत रोटी-कपड़ा-मकान और शिक्षा थी। आज तस्वीर बदली हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने सीधे लाभ हस्तांतरण, उज्वला गैस योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान और महिला सुरक्षा जैसी योजनाओं के माध्यम से प्रशासनिक कुशलता दिखाई है। स्टार्टअप, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण प्रोत्साहन और नवाचार आधारित विकास श्रेष्ठ भारत निर्माण की सोच को प्रतिबिंबित करते हैं। मोदी सरकार ने यूपीआई और जनधन जैसे डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए देश के कोने-कोने तक वित्तीय समावेशन को पहुंचाया है। पांच लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज की आयुष्मान भारत योजना स्वस्थ भारत की कल्पना को साकार कर रही है। देश में विशिष्ट पहचान (आधार) पाने वालों की संख्या 138.34 करोड़ से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना में 58.3 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें कुल जमा राशि 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इनमें से 32 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं। खाताधारक अधिकांश महिलाएं ग्रामीण और अर्थ-शहरी क्षेत्रों से हैं। आधार, मोबाइल और बैंक खाते के इस त्रिकोण ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की भ्रष्टाचार से मुक्त ऐसी अचूक व्यवस्था बनाई है, जिसके माध्यम से सब्सिडी और सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाई जा रही है। इतने लंबे समय तक देश की सेवा करने वाले दोनों प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल की उपलब्धियों और शासन के तरीकों को देख कर एक निष्कर्ष निकलता है कि यह तुलना दो प्रधानमंत्रियों की नहीं, बल्कि बीते 79 सालों में भारत के शून्य से शिखर तक पहुंचने की कहानी है।

मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के पिछले 4398 दिनों के कार्यकाल में देश ने केवल शासन-प्रशासन में परिवर्तन को ही नहीं देखा बल्कि विकास के पैमानों पर आमूलचूल परिवर्तन अनुभव किया है। किसी भी लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति केवल नेतृत्व में नहीं, बल्कि संस्थाओं, नागरिकों और सामूहिक राष्ट्रीय प्रयासों में निहित होती है। आज भारत आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। विकसित भारत-2047 का संकल्प तभी साकार होगा, जब विकास, सुशासन, समावेशिता और जनभागीदारी साथ-साथ आगे बढ़ें। यही भारत की निरंतर प्रगति और उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योजनाओं की घोषणाएं ही नहीं हुई बल्कि घोषणा से आगे उनके प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जवाबदेही और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने पर समूचा ध्यान केंद्रित हुआ है। यही कारण है कि आज भारत में विकास की चर्चा नहीं करता, बल्कि उसे धरातल पर उतारने की क्षमता दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश का विकसित भारत 2047 का स्वप्न देते हुए और इसे पूरा करने का मार्ग दिखाया है। उनकी दूरदृष्टि हमें विकसित, आत्मविश्वासी और वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा वाले देश का निर्माण करने का लक्ष्य दे चुकी है। यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी जी का हमें नेतृत्व मिला है और हम सभी विकसित भारत निर्माण में अपना योगदान दे पा रहे हैं। इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं।

(लेखक मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि पर विशेष
मोहित सिंगला



# एक देश, एक विधान को जीवन अर्पित करने वाले युगपुरुष


कोलकाता में 6 जुलाई 1901 को जन्मे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को प्रतिभा और संस्कार विरासत में मिले थे। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी विख्यात शिक्षाविद्, न्यायविद् तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति थे, जबकि माता जोगमाया देवी धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। शिक्षा और संस्कृति से ओतप्रोत पारिवारिक वातावरण ने उनके व्यक्तित्व को प्रारंभ से ही विशिष्ट दिशा दी। अपनी विलक्षण प्रतिभा के कारण उन्होंने कम आयु में ही शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। कानून की शिक्षा पूरी करने के बाद वे इंग्लैंड गए और बैरिस्टर बनकर भारत लौटे। मात्र 33 वर्ष की आयु में 1934 में उन्हें कलकत्ता विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया। वह विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने। उनके कार्यकाल में शिक्षा के आधुनिकीकरण और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू की। बंगाल की राजनीति में उन्होंने महत्वपूर्ण स्थान बनाया और वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया। देश के विभाजन के समय उन्होंने बंगाल और पंजाब के संपूर्ण विभाजन का विरोध करते हुए यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि इन दोनों प्रांतों के बड़े हिस्से भारत में बने रहें। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब देश की पहली मंत्रिपरिषद का गठन हुआ तो प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बनाया। किंतु राष्ट्रीय नीतियों और विशेषकर नेहरू-लियाकत समझौते के मुद्दे पर मतभेदों के कारण उन्होंने 1950 में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय विचारधारा को मजबूत राजनीतिक मंच देने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के सहयोग से 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उसके प्रथम अध्यक्ष बने। यही संगठन आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। उस समय जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्राप्त था। वहां अलग संविधान, अलग झंडा और अलग प्रशासनिक व्यवस्था लागू थी। भारतीय नागरिकों को राज्य में प्रवेश के लिए परमिट लेना पड़ता था। डॉ. मुखर्जी का मानना था कि स्वतंत्र भारत में ऐसी व्यवस्था राष्ट्रीय एकता के विपरीत है। उन्होंने पूरे देश में यह उद्घोष किया कि "एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे।" अगस्त 1952 में जम्मू में आयोजित एक विशाल जनसभा में उन्होंने ऐलान किया था "या तो मैं आपको भारतीय संविधान दिलाऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा।" अपने इसी संकल्प को साकार करने के लिए वह 8 मई 1953 को बिना परमिट जम्मू-कश्मीर की ओर रवाना हुए। 11 मई को उन्हें गिरफ्तार कर श्रीनगर में नजरबंद कर दिया गया। लगभग डेढ़ महीने की नजरबंदी के दौरान ही 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। लंबे समय तक उनकी मृत्यु की परिस्थितियों को लेकर प्रश्न उठते रहे और निष्पक्ष जांच की मांग भी होती रही। समय बीतता गया, लेकिन डॉ. मुखर्जी का विचार और उनका संकल्प देश की चेतना में जीवित रहा। 5 अगस्त 2019 को जब जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान समाप्त किए गए और भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से लागू किया गया, तब अनेक लोगों ने इसे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अधूरे स्वप्न की पूर्ति के रूप में देखा। आज देश के अनेक संस्थान, सड़कें और योजनाएं उनके नाम से जुड़ी हुई हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी पहचान उनके विचार और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि केवल एक महान नेता को स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्र प्रथम की भावना को अपने जीवन में उतारने का भी संदेश देती है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा करेंसी सिक्के व डाक टिकट जारी किए गए । जब कि इससे पूर्व में इनकी जयंती पर जहां करेंसी सिक्के व डाक टिकट जारी किए जाते रहे हैं वहां पर देश के विभिन्न भागों में इनके नाम पर सड़कों व पार्कों सहित अनेक संस्थाएं भी स्थापित की गई हैं ।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

(लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भक्ति से मिलती है चुनौतियों से लड़ने की शक्ति



संकलित
दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

## बच्चों को सुविधाओं से ज्यादा अच्छे संस्कार दें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**दलबदल विरोधी कानून की वास्तविकता**

लोकतंत्र की सफलता का आधार केवल नियमित चुनाव नहीं, बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही, राजनीतिक स्थिरता और जनादेश के प्रति निष्ठा भी है। संसद और विधानसभाएं जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं तथा इन संस्थाओं की स्थिरता लोकतांत्रिक शासन के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक है। किंतु भारतीय राजनीति में लंबे समय तक दलबदल की प्रवृत्ति ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को गंभीर चुनौती दी। व्यक्तिगत लाभ, मंत्री पद, आर्थिक प्रलोभन अथवा राजनीतिक अवसरवाद के कारण निर्वाचित प्रतिनिधि बार-बार अपनी निष्ठा बदलते रहे, जिससे सरकारें गिरती रहीं और जनादेश का अपमान होता रहा। इसी समस्या के समाधान के लिए दलबदल विरोधी कानून लागू किया गया। लेकिन वास्तविकता यह है कि अब पहले से भी ज्यादा दलबदल हो रहा है। *- प्रशांत चौबे, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### कांगो में इबोला संक्रमितों का आंकड़ा 1,003 पहुंचा

पूर्वी कांगो में फैले इबोला संक्रमण के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 1,003 हो गई है, जिनमें 254 मौतें शामिल हैं। अधिकारियों ने रविवार देर रात जारी एक बयान में यह जानकारी दी। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 15 मई को इस बीमारी के प्रकोप की घोषणा होने के बाद से इस महामारी से अब तक कुल 100 लोग पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। इस संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले इटुरी प्रांत से सामने आ रहे है। दुर्लभ 'बुंदीबुग्यो वायरस' के कारण फैला यह इबोला प्रकोप अब तक का सबसे खतरनाक रूप ले चुका है, क्योंकि इस वायरस के लिए वर्तमान में कोई टीका या इलाज उपलब्ध नहीं है। अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि ऐसे कई और मामले हो सकते हैं जिनकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है, और इस महामारी का चरम आना अभी बाकी है। मंत्रालय के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों के लिए संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों की पहचान करना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, क्योंकि वे अब तक केवल 55 प्रतिशत कवरेज दर ही हासिल कर पाए हैं। अधिकारियों ने कहा कि वे अभी तक इस महामारी के 'पेशेंट जीरो' (पहले संक्रमित व्यक्ति) की पहचान नहीं कर पाए हैं।




## ऑफ बीट

### भूख लगने पर भोजन का स्वाद पहले महसूस होता है

अगर आपको रात के खाने में कुछ खास खाने की इच्छा हो रही है तो संभव है कि आपका दिमाग उसे खाने से पहले ही उसके स्वाद को महसूस करने लगे। एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है कि भूख की स्थिति में मस्तिष्क भोजन के स्वाद, गंध और उसे खाने के अनुभव की मानसिक कल्पना को अधिक सजीव रूप से महसूस करने लगता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, अधिकतर लोग यह अनुभव कर चुके हैं कि खाली पेट बाजार जाने पर वे जरूरत से ज्यादा मीठे, तैलीय या पसंदीदा खाद्य पदार्थ खरीद लेते हैं। आमतौर पर इसे भूख का असर माना जाता है, लेकिन नया अध्ययन बताता है कि भूख केवल खाने की इच्छा नहीं बढ़ाती, बल्कि भोजन से जुड़ी मानसिक छवियों और संवेदनाओं को भी अधिक प्रभावशाली बना देती है। अध्ययन में कहा गया कि मानव मस्तिष्क के लिए भोजन हमेशा से एक बहु-संवेदी अनुभव रहा है। यह अनुभव किसी पेस्ट्री को देखने, भोजन की सुगंध महसूस करने या उसके स्वाद और बनावट को याद करने से शुरू हो सकता है। भोजन से जुड़े अनुभव मस्तिष्क में स्मृतियों के रूप में दर्ज हो जाते हैं और बाद में मानसिक कल्पना के माध्यम से दोबारा महसूस किए जा सकते हैं।



## ट्रेंड

### पंजाब में सभी सीटों पर लड़ेंगे

पश्चिम बंगाल की तरह पंजाब में भी "डबल इंजन" की सरकार बनाने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता जुट जाएं। पार्टी पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। **-नितिन नवीन,** भाजपा अध्यक्ष



### छक्का लगाया

जब 2022 में हमने पार्टी और धनुष-बाण बचाने के लिए विद्रोह किया था, तब 40 विधायक थे और अब छक्के लग चुके हैं। हमारी लड़ाई बालासाहेब के विचारों को बचाने के लिए है, इसीलिए आज ये 6 सांसद बालासाहेब की असली शिवसेना में शामिल हुए। **-एकनाथ शिंदे,** उपमुख्यमंत्री महाराष्ट्र



### उनकी वफादारी बिकाऊ

शिवसेना (यूबीटी) के 6 सांसदों ने पार्टी छोड़कर साबित कर दिया है कि उनकी वफादारी बिकाऊ है। कम से कम यह मान लीजिए कि लालच की वजह से आपने रातोंरात बिना किसी शर्म के यह सब छोड़ दिया। यह लालच एक दिन आपको ले डूबेगा। **-आदित्य ठाकरे,** पूर्व मंत्री, महाराष्ट्र



### प्रयोगशाला को मंजूरी दें

आदिलाबाद की रणनीतिक स्थिति इसे ऐसे विमानन एवं रखरखाव केंद्र के लिए उपयुक्त बनाती है। इसलिए रक्षा मंत्री से आग्रह है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला से जुड़ी परियोजना को शीघ्र मंजूरी दें। **-रेवंत रेड्डी,** सीएम, तेलंगाना



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पश्चिम एशिया में लगातार उभरते हुए हालातों पर चर्चा

## एनएसए डोभाल ने की ईरान की सर्वोच्च सुरक्षा परिषद के उप-सचिव से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



ब्रिक्स के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली 16वीं बैठक से ठीक एक दिन पहले यानी सोमवार को भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने समूह के कुछ सदस्य देशों के एनएसए और सुरक्षा मामलों के शीर्ष अधिकारियों के साथ नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठकें की हैं। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण रही उनकी ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) के उप-सचिव गदिर नेज़ामीपुर के साथ हुई बैठक। दोनों के बीच हुई चर्चा में पश्चिम-एशिया में उभरते हुए हालातों पर विचार-विमर्श किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कुछ पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की है। यहां बता दें कि भारत इस वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभाल रहा है। जिसके तहत एनएसए की इस बैठक का भी आयोजन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता भारत के एनएसए करेंगे। गौरतलब है कि ब्रिक्स वास्तविक रूप में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण-अफ्रीका जैसे पांच देशों के एक समूह के रूप में जाना जाता है।

### शांति समझौते के बाद हुई पहली यात्रा

क्षेत्र में अमेरिका और इजरायल के साथ जारी युद्ध के बाद हुए शांति समझौते के बाद ईरान की एसएनएससी के उप-सचिव की यह पहली विदेश यात्रा है। जिसके तहत वह भारत पहुंचे हैं। एनएसए अजीत डोभाल के साथ हुई बातचीत में उन्होंने पश्चिम-एशिया क्षेत्र के मौजूदा हालात पर चर्चा की। इसके अलावा ब्रिक्स के मंच पर दोनों देशों के बीच बने हुए सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों के मामले पर भी विचार-विमर्श किया है। 23 जून को ब्रिक्स समूह के एनएसए की बैठक में क्षेत्र में बने हुए सुरक्षा परिदृश्य के बारे में व्यापक रूप से चर्चा की जाएगी। इस बाबत वार्ताओं का सिलसिला हालांकि 22 जून से ही शुरू हो गया है। एनएसए बैठक में ईरान के अलावा चीन के विदेश मंत्री वांग यी, रूस के एनएसए सर्गेई शोइगु व समूह के अन्य वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी शिरकत करेंगे।

### वांग यी संग हुई वार्ता रचनात्मक, दूरदर्शी रही

एनएसए डोभाल की चीन की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी से भी मुलाकात हुई है। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत में भारत, चीन के द्विपक्षीय संबंधों में हुई हालिया प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही धीरे-धीरे सामान्यीकरण की दिशा में जारी प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया। एनएसए डोभाल ने चीनी पक्ष के सामने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच स्थिर, अनुमानित और रचनात्मक द्विपक्षीय संबंध आपसी विश्वास निर्माण और बेहतर समझ को बढ़ावा देते हैं। इस बैठक में भारत से एनएसए डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री, चीन में भारत के राजदूत विक्रम दोराईस्वामी और विदेश मंत्रालय के कुछ वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। जबकि चीन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री वांग यी ने किया।

### इन देशों के प्रतिनिधियों से भी मिले डोभाल

रणधीर ने बताया कि ईरान के अलावा भारत के एनएसए की कुछ अन्य देशों के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ भी मुलाकात हुई। जिसमें ब्राजील के बहुपक्षीय और राजनीतिक मामलों के सचिव कार्लोस कोजेंडे और इथोपिया के राष्ट्रीय खुफिया-सुरक्षा सेवा के अंतर्गत विश्लेषण विभाग के कार्यकारी निदेशक मिलियन लेमा तादेसे शामिल हैं। ब्राजील के सुरक्षा अधिकारी से हुई मुलाकात में दोनों पक्षों ने समूह ढांचे के तहत दोनों देशों के बीच स्थापित सहयोग का स्वागत किया तथा भारत-ब्राजील द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की है। इथोपिया के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी के साथ हुई चर्चा में दोनों पक्षों ने भारत-इथोपिया रणनीतिक साझेदारी को गहराई के साथ और अधिक मजबूत बनाने से जुड़े हुए उपायों की तलाश की गई है।

**बर्लिन।** जर्मन सरकार पेंशन सिस्टम में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। प्रस्ताव के तहत रिटायरमेंट की उम्र 67 से बढ़ाकर 70 साल की जा सकती है। साथ ही 45 साल तक पेंशन फंड में योगदान देने वाले कर्मचारियों को मिलने वाली अर्ली रिटायरमेंट सुविधा भी समाप्त की जा सकती है।

# जंतर-मंतर पहुंची कैंसर पीड़ित महिला, बेहोश हुई पर डटी रही

## 'काकरोच' के प्रोटेस्ट में शामिल हुई ओडिशा की महिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रदर्शन दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है। इस बीच प्रदर्शन में शामिल कई प्रदर्शनकारियों की भावुक कर देने वाली कहानियां भी सामने आ रही हैं। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कैंसर और किडनी की बीमारी से पीड़ित एक महिला अपने बच्चे के साथ पूरे 1200 किलोमीटर दूर से दिल्ली पहुंचीं। लिवर कैंसर और किडनी फेलियर से जूझ रहीं बबीतांजलि ने हाथ में एक साफ मेडिकल ड्रेनेज बैग पकड़ा हुआ था। उन्होंने बताया, वह कोई राजनीतिक कार्यकर्ता या स्थानीय निवासी नहीं हैं। उन्होंने ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के कोइडा से 1,200 किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय किया और अपने बेटे के साथ दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंचीं हैं।

**देशभर के पैरेंट्स से आगे आने कहा :** ओडिशा की रहने वालीं बबीतांजलि ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के प्रति गहरी निराशा जताई। उन्होंने मौजूदा स्थिति को 'संस्थागत विफलता' करार दिया। जब उनसे पूछा गया कि वह इस विरोध प्रदर्शन में क्यों शामिल हुईं, तो उन्होंने कहा कि उनका कोई निजी मकसद या एजेंडा नहीं था। फिर भी, उनका संदेश देश भर के माता-पिता के लिए सशक्तिकरण का एक संदेश है। उन्होंने कहा कि अगर मैं, एक मां होकर इस हालत में भी आगे आ सकती हूं, तो हजारों दूसरी माताएं भी ऐसा कर सकती हैं और उन्हें ऐसा करना भी चाहिए।

### पाबंदियां बढ़ीं तो हुईं बेहोश

ओडिशा से ट्रेन पकड़ने के बाद बबीतांजलि और उनके बेटे शनिवार शाम 5 बजे दिल्ली पहुंचे। थोड़ी देर आराम करने के बाद, वे रात 10 बजे तक धरने में शामिल हो गए। जब विरोध स्थल पर खाने-पीने पर पाबंदियां बढ़ गईं, तो बबीतांजलि फुटपाथ पर बेहोश हो गईं। तुरंत उनका इलाज हुआ, फिलहाल वह ठीक महसूस कर रही हैं और उनका हौसला अब भी बुलंद है।

## महाराष्ट्र एमएलसी चुनाव में भाजपा शिंदे के महायुति की एकतरफा जीत

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों में सत्ताधारी महायुति गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की। सोमवार को घोषित नतीजों में गठबंधन ने 17 में से 16 सीटों पर जीत दर्ज की। इन सीटों के लिए वोटिंग 18 जून को हुई थी। वोटिंग से पहले ही महायुति के छह उम्मीदवार निर्विरोध चुने जा चुके थे, जिससे गठबंधन को शुरुआती बढ़त मिल गई थी। बीजेपी को सबसे ज्यादा फायदा हुआ और उसने 11 सीटें जीतीं, जबकि शिवसेना (शिंदे) ने तीन और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) ने दो सीटें हासिल कीं। सिर्फ नासिक की सीट महायुति के आधिकारिक उम्मीदवार के खाते में नहीं गई है। क्योंकि वहां निर्दलीय उम्मीदवार और भाजपा के बागी गोकुल गीते ने शिवसेना के उम्मीदवार नरेंद्र दराडे को हराया।

# ग्रामीण मजदूरी और वेतन वृद्धि का सैंपलिंग बदलकर झूठा उछाल दिखाया केंद्र ने

## कांग्रेस नेता जयराम ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस महासचिव एवं वरिष्ठ नेता ने केंद्र सरकार पर ग्रामीण मजदूरी के आंकड़ों में हेरफेर करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वास्तविक मजदूरी वृद्धि में ठहराव और अर्थव्यवस्था की सुस्ती को छिपाने के लिए सरकार ने आंकड़े जुटाने की पद्धति में बदलाव कर कृत्रिम रूप से ग्रामीण मजदूरी में भारी वृद्धि दिखाने का प्रयास किया है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी बयान में दावा किया कि कांग्रेस ने वर्ष 2024 में भी आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से रोजगार की परिभाषा बदलकर रोजगार सृजन के आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया था। उन्होंने कहा कि उस समय वित्त वर्ष 2018 के बाद 16.8 करोड़ नई नौकरियां सृजित होने का दावा किया गया था। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अब सरकार इसी तरह ग्रामीण मजदूरी के आंकड़ों में बदलाव कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार यह मुद्दा उठाती रही है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की सुस्ती का प्रमुख कारण वास्तविक मजदूरीका ठहराव है, जिसके कारण उपभोग में वृद्धि कमजोर हुई है और निजी निवेश भी प्रभावित हुआ है।

### मजदूरी वृद्धि में अचानक उछाल पर. सवाल

जयराम रमेश के अनुसार, आधिकारिक आंकड़ों में जून 2025 से मार्च 2026 के बीच ग्रामीण मजदूरी की वार्षिक वृद्धि दर लगभग 6 प्रतिशत से बढ़कर 17-18 प्रतिशत तक पहुंच गई है। वहीं औसत दैनिक मजदूरी में एक ही महीने के दौरान 12.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने दावा किया कि यह वृद्धि वास्तविक आर्थिक सुधार का परिणाम नहीं, बल्कि आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया में किए गए बदलाव का प्रभाव है।

# सीबीआई ने पूर्व सीईओ देवांग और रवींद्र को किया गिरफ्तार

## रिलायंस एडीए समूह लोन घोटाला 7 हजार 623 करोड़ का मामला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने रिलायंस एडीए समूह से जुड़े बहुचर्चित ऋण अनियमितता मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए देवांग मोदी, पूर्व निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा रविंद्र सुधालकर, पूर्व कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी रिलायंस एडीए समूह से जुड़े मामलों की चल रही जांच के तहत की गई है। आरसीएफएल मामले में 13 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को 4,097 करोड़ रुपये और आरएचएफएल मामले में 10 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को 3,526 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया गया। इस प्रकार दोनों मामलों में बैंकों को कुल 7,623 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय क्षति हुई है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरसीएफएल और आरएचएफएल द्वारा उधार ली गई राशि को कथित तौर पर रिलायंस एडीए समूह की अन्य कंपनियों, जिनमें , और शामिल हैं, की ओर मोड़ दिया गया।


### यह है आरोप

जांच एजेंसी के मुताबिक, देवांग मोदी अप्रैल 2017 से दिसंबर 2018 तक आरसीएफएल के सीईओ रहे और कंपनी के संचालन से जुड़े प्रमुख निर्णय लेने वालों में शामिल थे। आरोप है कि उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से लिए गए ऋणों की शर्तों और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के विपरीत मध्यस्थ एवं कंड्यूट कंपनियों को ऋण स्वीकृत किए। इसी प्रकार, रविंद्र सुधालकर 1 अक्टूबर 2016 से 31 मार्च 2022 तक आरएचएफएल के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ रहे। सीबीआई का आरोप है कि उन्होंने भी कंपनी की ऋण नीति, राष्ट्रीय आवास बैंक और आरबीआई के दिशा-निर्देशों तथा बैंकों से उधार लेने की शर्तों के विपरीत कई कंपनियों को ऋण मंजूर किए।

# महाकालः भस्म आरती में वीआईपी कल्चर पर 'रोक'

## 3 महीने में एक ही बार मिलेगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



बाबा महाकाल की विश्व प्रसिद्ध भस्म आरती की बुकिंग में वीआईपी कल्चर और धांधली रोकने के लिए मंदिर समिति ने कड़ा कदम उठाया है। नए नियम के तहत अब कोई भी श्रद्धालु एक मोबाइल नंबर या पहचान पत्र से तीन महीने (90 दिन) में केवल एक बार ही भस्म आरती की अनुमति ले सकेगा। यह पाबंदी आम भक्तों के साथ-साथ प्रोटोकॉल (वीआईपी) से आने वाले लोगों पर भी समान रूप से लागू होगी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मंदिर समिति ने इस व्यवस्था को दोबारा सख्ती से प्रभावी किया है। अब तक कई लोग प्रोटोकॉल का फायदा उठाकर हर महीने ऑनलाइन बुकिंग करा लेते थे, जिससे आम श्रद्धालुओं को मौका नहीं मिल पाता था। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार इस कड़े नियम से बार-बार दर्शन करने वालों पर रोक लगेगी। दूर-दराज से आने वाले आम भक्तों को आसानी से बाबा महाकाल के दर्शन मिल सकेंगे।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No. 03-10/T&QA/Veh./T-24/2026-27/256 Raipur dtd. 16-06-2026

**Tender Notice No. 03-10/T&QA/Veh./T-24/2026-27/145**

Sealed tenders are invited for O/o CE (T&QA) CSPGCL, Raipur as per following specification:-

| Sl. No. | Tender particular | Tender Fees (Rs.) | Age of vehicle from the date of purchase | EMD (Rs.) | Last date of Issuing tender document | Last date of submission tender document | Due date of Opening tender document |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Hiring of Category-I Vehicle for the CE (T&QA) CSPGCL, Raipur for duration of 2year. The registration of vehicle should not be more than 0-1 year old, and maximum Ex showroom price of Vehicle up to 10 Lakh, **preferably with six airbags and good safety ratings** and should not have run more than 10,000 K.M. as on date of opening date of tender. | 2000.00 (Non refundable) | 0 to 1 Year | 11,500.00 | 08.07.2026 17:30Hrs. | 09.07.2026 12:00Hrs. | 09.07.2026 15:30Hrs. |

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer
O/o Chief Engineer (T&QA) CSPGCL, Raipur

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) GSTN-22AADCC5773E1ZX CIN-U40108CT2003SGC015820
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)**
Block-4, Near CSPTCL Dispensary, Dagania, Raipur (C.G.) Website: www.cspc.co.in
E-Mail- ce.eht@cspc.co.in Phone no. 0771 – 2574221, 2574028 Fax No.2574222

No. 02-05/Pur/Tender-536/ 671 Raipur, Date: 19.06.2026

**NOTICE INVITING TENDER (Through E-Bidding)**

Sealed tenders are invited from eligible bidders for supply of following material:-

| Sl. | Tender No. | Particulars of works | Cost of Tender document (Rs) (Including GST @ 18%) | E.M.D. (in Rs.) | Due date of opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender -536 RFx No.- 8100052375 | Supply of OPGW and its Hardware for LILO of OPGW link between EHV Line . | Rs. 2000/- | Rs.12,440/- | 17.07.2026 at 15:30 Hrs. |

For all other details of NIT and term & condition, please visit our website www.cspc.co.in/csptcl/tendernotices.

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)
CSPTCL, Raipur

सत्यमेव जयते
**संख्याः 46/2/2026-प्रशासन-I**
**भारत सरकार**
**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**
**अटल अक्षय ऊर्जा भवन, केन्द्रीय कार्यालय परिसर के सामने लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003**

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में वैज्ञानिक 'डी' (03 पद) और वैज्ञानिक 'सी' (03 पद) पे लेवल 12 (रु. 78,800 – 2,09,200/-) और लेवल 11 (रु. 67,700 – 2,08,700/-), क्रमशः, को प्रतिनियुक्ति/ अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्ति परिपत्र का पूरा विवरण नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की वेबसाइट "www.mnre.gov.in" पर उपलब्ध है।

उपरोक्त पते पर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन है।

(रजत यादव)
भारत सरकार के अवर सचिव

CBC-28101/11/0001/2627

Skill India कौशल भारत-कुशल भारत | कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP GOVERNMENT OF INDIA | PMKVY PRADHAN MANTRI KAUSHAL VIKAS YOJANA

**मल्टी- स्किल्ड केयरगिवर्स के प्रशिक्षण के लिए प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसियों (पीआईएएस) के चयन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित**

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत मल्टी-स्किल्ड केयरगिवर्स को प्रशिक्षित करने और बड़े स्तर पर स्किलिंग पहल को लागू करने के लिए योग्य संस्थानों और संगठनों से प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

**अपेक्षित परिणाम**
- चिन्हित जॉब रोल्स के लिए मल्टी-स्किल्ड केयरगिवर्स की ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन।
- ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) के जरिए प्रैक्टिकल एक्सपोजर।
- घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्केट में प्लेसमेंट, अप्रेंटिसशिप, सेल्फ-एम्प्लॉयमेंट, और लाइवलीहुड लिंकेज के द्वारा रोजगार-क्षमता को बढ़ावा देना।
- महिलाओं और वंचित, ग्रामीण, सेमी-अर्बन, आकांक्षी जिलों और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के उम्मीदवारों की भागीदारी को बढ़ावा देना।
- एक निश्चित अवधि के लिए एम्प्लॉयमेंट आउटकम के मूल्यांकन हेतु पोस्ट-प्लेसमेंट ट्रैकिंग।

**इच्छुक और योग्य संस्थान इस लिंक के जरिए अपने प्रस्ताव जमा कर सकते हैं:**
**www.skillindiadigital.gov.in**
**प्रस्ताव जमा करने की आखिरी तारीखः 28/06/2026**

CBC- 63101/11/0004/2627

**कार्यालय प्राचार्य**
**शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)**
रजबंधा मैदान, रायपुर फोन 0771 2222990
www.govtdentalcollegeraipur.in /
Email-govdentalcollege@gmail.com
(GST- 22JBPS02579D1D2)

क्रमांक /2862/ जीडीसी/ क्रय /2026 रायपुर, दिनांक 22.06.2026

**रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) द्वितीय आमंत्रण सूचना**
**कैंटीन संचालन हेतु**
**आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 30/06/2026, समय 5:00 बजे तक**

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर परिसर में चिकित्सकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय में उपाचार हेतु आने वाले मरीजों के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण जलपान / भोजन / नास्ता आदि व्यवस्था हेतु कैंटीन / कैफेटेरिया संचालन के लिये इच्छुक एवं योग्य व्यक्ति / फर्म / लाईवलीहुड / बिहान से पंजीकृत संस्था / स्व-सहायता समूह / एजेंसी / कंपनी / अनुभवी संचालकों से मैनुअल पद्धति में मोहर बंद प्रपत्र में **रूचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)** आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी एवं नियम व शर्तें महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते है। इसके लिये राशि रूपये 1000/- का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा दिनांक 15/06/2026, सायं 5:00 बजे तक राशि रू. 1000/- नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट जमा कर महाविद्यालय से प्राप्त किये जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार हैः-

**प्रपत्र (EOI) जमा करने की अंतिम तिथि - 30/06/2026 समय 5.00 बजे सायंकाल तक**
**प्रपत्र (EOI) खोलने की तिथि - 01/07/2026 समय दोपहर 12.30 बजे**
**जमा करने व खोलने का स्थान- शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर**

प्राचार्य
G-262701650/2 शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर

**छ.ग. गृह निर्माण एवं अधो. वि. मं.वृत्त-जगदलपुर**

**प्रथम निविदा आमंत्रण क्र. 54**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र/वृत्त-जगदलपुर के अधीनस्थ संभाग कोण्डागांव में 1. निक्षेप कार्य के तहत नरहरपुर जिला कांकेर में आदिवासी विश्राम गृह का निर्माण कार्य। 2. निक्षेप कार्य के तहत तुमुसनार जिला कांकेर में हाई स्कूल हेतु नवीन भवन का निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in/ एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता संभाग कोण्डागांव मो. नं. 8109135551 पर संपर्क करें।

S-48236/2 उपायुक्त

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, छुईखदान जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**
Office Email ID, eewrckn@cgwrd.in / Fax & Ph.No. 07743-263628

क्रमांक 2575 / व.ले.लि. छुईखदान दिनांक 19/06/2026

**–:: शुद्धि पत्र ::–**

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा निरस्तीकरण आदेश क्र. 2483 / व.ले.लि. / 2026, छुईखदान, दिनांक 11.06.2026 में उल्लेखित निविदा सूचना क्र. 02 / व.ले.लि. / 2025–26, दिनांक 11.08.2026 को दिनांक 11.08.2025 पढ़ा जावे।

जी.नं. 262701440
G-262701615/3

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान

**CAVEAT NOTICE**
**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT BILASPUR (CHHATTISGARH)**

CAVEATOR: Nava Raipur Atal Nagar Vikas Pradhikaran, (NRANVP)
VERSUS
NON-CAVEATOR: General Public in State of Chhattisgarh

**CAVEAT UNDER SECTION 148-A OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE, 1908 READ WITH RULE 142 OF THE HIGH COURT OF CHHATTISGARH RULES**

The caveator most humbly and respectfully begs to submit as infra:That, a notification under Section 50 sub-section (2) of the Chhattisgarh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973 has been published vide Gazette Notification dated 20/05/2026. The caveator, through this publication has declared its intention for making a Town Development Scheme in Layer-III of the Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)That, the caveator apprehends that anyone from the general public, may file a writ petition either challenging the notification or the subsequent developments/actions taken in furtherance of the said notification. Therefore, this instant caveat is being preferred so that in case any such writ petition is filed, then the caveator may kindly be afforded an opportunity to represent and defend himself before any order is passed in the said case.

S-48233/2 CEO (NRANVP)

**न्यायालय तहसीलदार, साल्हेवारा जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202604290200009 अ/19 (3) वर्ष 2025-26
साकिन - साल्हेवारा, प.ह.नं. 03

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उद्योग संचालनालय छत्तीसगढ उद्योग भवन रायपुर के पत्र क्रमांक LAND/ 472/2026 रायपुर दिनांक 21.04.2026 अनुसार ग्राम साल्हेवारा प.ह.नं. 03 तहसील साल्हेवारा जिला खैरागढ - छुईखदान - गण्डई स्थित भूमि खसरा नम्बर 173/1 रकबा 93.690 हे. में से 2.511 हेक्टर एवं खसरा नम्बर 114/1 रकबा 4.617 हे. में से 2.511 हेक्टर कुल खसरा नम्बर 02 योग रकबा 5.022 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु उद्योग विभाग को हस्तांतरण किये जाने शासकीय भूमि आबंटन के संबंध में राजस्व पुस्तक परिपत्र में निहित प्रावधानों के तहत विस्तृत जांच प्रतिवेदन कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई - छुईखदान के माध्यम से दिनांक 19/05/2026 को इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा-आपत्ति होतो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30/06/2026 या इसके पूर्व स्वयं उपस्थित हो कर अन्यथा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें है, तिथि समाप्त पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/6/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर

G-262701638/2

तहसीलदार
साल्हेवारा

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in , Fax No. 07868-224040

**–: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :–**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन कार्य हेतु दिनांक 08.07.2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | एन. आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 37 | 193764 | ग्राम पंचायत पाला में नवीन प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य। | 17.36 लाख |
| 02 | 38 | 193765 | ग्राम पंचायत आड़काछेड़ा में नवीन प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य। | 17.36 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।(निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।)

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि – 08.07.2026 है।

नोटः– प्रथम आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

G-262701613/1

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- बलौदाबाजार**
Office Phone No. :- 07727-296695 Email ID :- ee-res.abhanpur@nic.in

क्रमांक/1513/निविदा/ग्रा. यां. से. / 2026 बलौदाबाजार, दिनांक 19/09/2026

**ई – निविदा आमंत्रण सूचना क्र. – 08 एवं 09 (द्वितीय बार)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 28.06.2026 तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | प्रत्येक जोनल के लिए अनुमानित लागत (लाख में) | कुल अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | 4 |
| Zonal Tender 01 193801 (द्वितीय बार) Zonal Tender 02 193802 (द्वितीय बार) | वि.ख. बिलाईगढ़ के अन्तर्गत राशि रू. 30.00 लाख तक के लागत का सिविल कार्य। | 40.00 लाख रू. | 80.00 लाख रू. | 28.06.2026 |
| Zonal Tender 193803 (द्वितीय बार) | वि.ख. बिलाईगढ़ के अन्तर्गत राशि रू. 30.00 लाख तक के लागत का आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | 40.00 लाख रू. | 40.00 लाख रू. | |

(2) निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट- 2.10) एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट - 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी बेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 19.06.2026 से देखी जा सकती है।

(योगेश कुमार खाण्डे)
कार्यपालन अभियंता
ग्रा. यां. सेवा संभाग- बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

G-262701633/1



# डू डाई डू का ट्रेलर रिलीज, बिना शोर हुमा ने मचाया कोहराम...

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की आगामी फिल्म 'डू डाई डू' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में उनका खतरनाक अंदाज देखकर फैंस चौंक जाएंगे। इस ट्रेलर में फिल्म की कहानी भी काफी हद तक अंदाजा हो जाता है। यह फिल्म 3 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म 'डू डाई डू' का ट्रेलर में हुमा कुरैशी का लुक और किरदार दर्शकों को हैरान करने वाला है। इस थ्रिलर एक्शन ड्रामा फिल्म का ट्रेलर देखकर फैंस के बीच फैंस के बीच उत्सुकता पैदा हो सकती है। इस ट्रेलर में चंकी पांडे भी कॉमिक रोल से हटकर बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आते हैं। साथ ही हुमा कुरैशी के कथित बॉयफ्रेंड रचित सिंह भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

## लाइफ Style

# रश्मिका
## सच्चे प्यार पर करते आए हैं भरोसा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'कॉकटेल 2' में दीया रेड्डी का किरदार निभाने वाली रश्मिका मंदाना ने सोमवार को अपनी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया है। इसके साथ में रश्मिका ने एक प्यारा संदेश भी लिखा है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'कॉकटेल 2' में रश्मिका, शाहिद कपूर और कृति सेनन की रोमांटिक केमिस्ट्री दर्शकों को देखने को मिल रही है।

सोमवार को रश्मिका ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग के दौरान का एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया है। यह फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इसमें रश्मिका के साथ शाहिद कपूर और कृति सेनन भी मुख्य भूमिका में हैं। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक खास बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में रश्मिका अपने किरदार दीया की तैयारी करती नजर आ रही हैं। वीडियो के साथ उन्होंने एक बेहद भावुक मैसेज भी लिखा। रश्मिका ने लिखा, 'हम हमेशा से सच्चे प्यार पर भरोसा करते आए हैं और हमने इसे जीकर भी दिखाया है। ढेर सारे प्यार के साथ विदा। आपकी, दीया रेड्डी और रश्मिका। रश्मिका की इस पोस्ट पर फिल्म की स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अडाजानिया ने कमेंट किया, 'दीया रेड्डी का लुक शानदार था और रश्मिका ने मेरा दिल जीत लिया।' वहीं रश्मिका के फैंस भी उनके इस किरदार पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। फिल्म 'कॉकटेल 2' साल 2012 में आई कॉकटेल' का सीक्वल है। 'कॉकटेल' में दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वहीं 'कॉकटेल 2' का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है।



## हॉलीवुड मसाला



# टीवी को दिए 50 से ज्यादा हिट शोज

**नई दिल्ली।** दर्शकों को फ्रेंड्स और विल एंड ग्रेस जैसे तमाम हिट शोज देने वाले दिग्गज टेलीविजन डायरेक्टर जेम्स बरोज अब इस दुनिया में नहीं रहे। 1940 में लॉस एंजेलिस में जन्मे जेम्स ने अपना करियर थिएटर से स्टार्ट किया। और फिर 1967 के नाटक 'हॉली गोलाइटली' में असिस्टेंट स्टेज मैनेजर के तौर पर काम किया। यहीं से उनका करियर शुरू हुआ। उन्होंने 50 से ज्यादा टीवी शोज में 1000 से ज्यादा एपिसोड्स को डायरेक्ट किया है। उन्हें फ्रेंड्स के अलावा द मैरी टायलर मूर शो, टैक्सी, चीयर्स, फ्रेजियर, फ्रेंड्स के लिए जाना जाता है।



# प्रियंका ने निक को कहा बेस्ट डैड, शेयर की तस्वीर

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा ने फादर्स डे पर सोशल मीडिया पर बेटी मालती मैरी के साथ निक जोनस की एक प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसकी के साथ प्रियंका ने निक को 'बेस्ट डैड' का खिताब भी दिया है। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने फादर्स डे के मौके पर अपने पति निक जोनस के लिए सोशल मीडिया पर एक बहुत ही प्यारा मैसेज शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने निक और अपनी बेटी की एक खूबसूरत तस्वीर भी पोस्ट की है, जिसे देखकर फैंस बेहद खुश हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है, जिसमें निक और उनकी बेटी मालती मैरी एक गोल्फ कोर्स में टहलते हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीर में मालती ने गुलाबी रंग की हुडी और लाल शॉर्ट्स पहने हुए हैं।

# अमिताभ ने रात 2:40 बजे हनुमान सहस्त्र पूजन की दिखाई झलक...

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन 83 वर्ष की उम्र में 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर सबसे अधिक एक्टिव रहने वाले बॉलीवुड सितारे हैं। करीब हर दिन ही बिग बी सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ पोस्ट करते हैं। हालांकि, अधिकतर ऐसा होता है कि उनकी बात लोगों के पल्ले नहीं पड़ती। पहली बार उन्होंने जो पोस्ट किया है, उसे पढ़कर लोगों ने कहा है- पहली बार आपका पोस्ट समझ के लायक मिला है। अमिताभ बच्चन ने आधी रात 2:40 मिनट पर हनुमान सहस्त्र पूजन की झलक दिखाई है। उन्होंने दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें फूलों की ढेर के बीच गणपति बप्पा और हनुमान जी की मूर्ति दिख रही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है- टी 5779, हनुमान सहस्त्र पूजन। बता दें कि हनुमान सहस्त्र पूजन (या हनुमान सहस्रनाम) भगवान बजरंगबली के एक हजार पावन नामों का जाप है। कहते हैं कि ये उनकी पूजा करने की एक अत्यंत शक्तिशाली और विस्तृत विधि है। मान्यता यही है कि ये पूजन हनुमान जी की कृपा, साहस, मानसिक शांति और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति पाने के लिए किया जाता है। धर्म पर आस्था रखने वालों का कहना है कि इसके पाठ से मानसिक तनाव दूर होता है और साधक को शारीरिक व मानसिक शक्ति प्राप्त होती है। इन सबके अलावा भूत-प्रेत, ऊपरी बाधाओं और नकारात्मक ऊर्जाओं का भी नाश होता है। इतना ही नहीं, ज्योतिषियों के मुताबिक, यह कुंडली में शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या और मंगल दोष के प्रभावों को कम करने में बहुत कारगर माना जाता है। अब आधी रात को किए गए अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट पर लोगों ने भी अपने मन की बात कही है और हाथ जोड़ लिए हैं।



# जाकिर के आखिरी शो 'पापा यार' में अब्बा ने बजाया सितार...

**नई दिल्ली।** देश के पॉपुलर स्टैंडअप कॉमेडियंस में शुमार जाकिर खान हाल ही मुंबई में अपना आखिरी शो किया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। न सिर्फ जाकिर खान, बल्कि उनके फैंस के लिए भी कॉमेडियन के आखिरी शो की शाम बहुत ही इमोशनल रही। जाकिर खान ने अपने सुपरहिट टूर 'पापा यार' का आखिरी शो मुंबई में किया, पर इस दौरान उन्हें एक ऐसा सरप्राइज मिला, जिसे देख हर किसी की आंखें छलक उठीं।

दरअसल, जाकिर के आखिरी शो में पिता ने सरप्राइज एंट्री मारी और बेटे के शो का अंत किया। जाकिर खान का शो एसवीपी डोम स्टेडियम में हुआ था, जिसके वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि शो खत्म होने से कुछ ही पल पहले जाकिर खान के पिता अचानक स्टेज पर आते हैं। पिता को देख जाकिर भावुक हो गए और उन्हें गर्मजोशी से गले लगा लिया।




दोनों के इस दिल को छू लेने वाले पल को देख दर्शकों से खचाखच भरा स्टेडियम जोरदार तालियों और चियर्स से गूंज उठा।

जाकिर खान के पिता मशहूर सितारवादक उस्ताद इस्माइल खान हैं। उन्होंने बेटे के आखिरी शो को एक शानदार और भावुक अंत दिया, जिसे देख हर किसी का दिल पिघल गया। जाकिर खान के भी आंसू छलक पड़े। यह सरप्राइज और भी खास इसलिए बन गया क्योंकि यह फादर्स डे के मौके पर था।

# या बाबा गाने में नोरा के साथ राकेश

**नई दिल्ली।** नोरा फतेही और शिल्पा राव 'या बाबा' के लिए साथ आई हैं, जो 'वर्ल्ड म्यूजिक डे' पर रिलीज हुआ एक शानदार नया गाना है। टी-सीरीज और भूषण कुमार द्वारा पेश किया गया यह गाना म्यूजिक, डांस, कल्चर और जश्न का एक बड़ा उत्सव है, जिसमें अनुभवी एक्टर राकेश बेदी ने जान डाल दी है। गाने में अरबी प्रभाव न सिर्फ म्यूज़िक में, बल्कि वीडियो के विज़ुअल मूड में भी साफ झलकता है। नतीजा एक ऐसा क्रॉस-कल्चरल ऑडियो-विज़ुअल पैकेज है जो भारतीय त्योहारों की भव्यता और ग्लोबल म्यूज़िक स्टाइल को एक साथ लाता है। मशहूर एक्टर राकेश भी इस म्यूजिक वीडियो में नजर आ रहे हैं और गाने की खूबसूरती को और बढ़ा रहे हैं। अपनी शानदार स्क्रीन प्रेजेंस और कॉमिक टाइमिंग के लिए पहचाने जाने वाले राकेश, 'या बाबा' के फेस्टिव जोश में रमे हुए दिख रहे हैं। उनके होने से वीडियो को हर उम्र के लोगों से जुड़ने का मौका मिलता है। उनका होना इस सेट-अप में एक जाना-पहचाना टच जोड़ता है। नोरा फतेही और शिल्पा राव के गाए गए 'या बाबा' में अरबी संगीत का असर, जश्न वाले रिदम और जोश भरे साउंड का मेल है। इस गाने को संजॉय ने कंपोज किया है और इसके बोल नोरा फतेही, संजॉय और वायु ने लिखे हैं। वर्ल्ड म्यूजिक डे पर रिलीज हुआ 'या बाबा' गाना, नोरा फतेही के ग्लोबल परफॉर्मेंस और शिल्पा राव की दमदार आवाज को एक जश्न भरे म्यूजिकल माहौल में एक साथ लाता है। यह गाना खुशी, साथ रहने और जश्न मनाने के भाव पर बना है, जिसमें म्यूजिक और डांस तड़के का काम करते हैं। नोरा न सिर्फ म्यूज़िक वीडियो में नजर आती हैं, बल्कि उन्होंने इस गाने में अपनी आवाज भी दी है।



# हार्टब्रेक गाने सिर्फ पुरुषों के लिए...

**नई दिल्ली।** सिंगर सोना मोहापात्रा अक्सर इंडस्ट्री से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। चाहे बात सेक्सिज्म की हो या महिलाओं की कम हिस्सेदारी की, सोना हमेशा बेबाक नजर आती हैं। अब उन्होंने बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री को लेकर एक और बड़ा बयान दिया है। अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए सोना ने कहा, 'बॉलीवुड के सारे हार्टब्रेक गाने पुरुषों के लिए रिजर्व हैं। प्यार भी वही महसूस करते हैं, दर्द भी वही दिखाया जाता है। मुझे जब भी किसी डुएट गाने के लिए बुलाया गया, तो अक्सर मुझे सिर्फ आखिर में गाने का मौका मिला।' सोना ने आगे कहा, 'इस गाने में मुखड़ा, अंतरा- सब कुछ पुरुष सिंगर ने गाया। मैं बस आखिर में आती हूं। मैंने म्यूजिक डायरेक्टर से पूछा- क्या आदमी खुद से ही प्यार कर रहा है? ये कैसा डुएट है, जिसमें लड़की आखिर में आती है?' उन्होंने यह भी साफ किया कि यह किसी एक कलाकार की गलती नहीं है, बल्कि पूरी इंडस्ट्री का सिस्टम ऐसा हो गया है, जो रिस्क लेने से बचता है।




epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## एजूकेशन स्पेशल

**प्रवेश प्रारंभ**
**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट**
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
| --- | --- |
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| Paramedical Course | Duration |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech,Ortho tech | 1 Year |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |
| B Pharmacy | 4 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

क्लीनिकल सुविधा
**श्री बालाजी हॉस्पिटल**
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 250 सीटों का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9201622400, 9201641200, 9201631200

## Appointment आवश्यकता

### शिक्षक

आवश्यकता है- रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, सत्तीबाजार- अंग्रेजी माध्यम पीपी1- पीपी2 एवं 6वीं से 10वीं सभी विषय, पहली से 8वीं कम्प्यूटर टीचर, 11वी-12वी फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायो, गणित, हिंदी हेतु शिक्षिकाओं, कम्प्यूटर ऑपरेटर, क्लर्क, आयाबाई, चपरासी। साक्षात्कार 25.06.2026, प्रातः 10 बजे कसार गली, सत्तीबजार: 0771-2241548. (RO-091)

आवश्यकता है- SANSKAR MODEL SCHOOL ANJORA REQUIRED ENGLISH MEDIUM POST-GRADUATE TEACHERS FOR CLASS NURSERY TO 12 ALL SUBJECTS M.ED, B.ED , D.EL.ED COMPULSORY 9425247392, 9202329113, संपर्क- संस्कार मॉडल स्कूल अंजोरा (RO-298)

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सिक्योरिटी गार्ड - 21, हाउसकीपिंग बाई - 21, हाउसकीपिंग जेंट्स - 15, एरिया मैनेजर गनमैन - 10 पद, वेतनमान 15000 से 25000, आधार कार्ड, 03 पासपोर्ट साइज़ फोटो लेकर संपर्क करें - एच. आई. एस. सर्विसिस प्राइवेट लिमिटेड कृष्णा प्लाजा, अश्वनी नगर सुन्दर नगर रायपुर (छ ग.) 9171511755, 9039437556, 7713568537, कृपया आफिस आकर संपर्क करें (RO-860)

### हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, संपर्क करे- 6232022676.(आरो-460)

### सेल्सगर्ल/आपरेटर

आवश्यकता है- फटाका दुकान में कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं सेल्स गर्ल (युवती) की। आवेदन एवं आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- फटाका एण्ड फटाका भण्डार, फूलचौक, रायपुर, तेज शंकर गोयल- 9300636079, 8770286674. (RO-092)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- रायपुर खम्हारडीह में घर की कार चलाने के लिए एक कुशल अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9579931943.(RO-41230)

### कुक

आवश्यकता है- अनुभवी महिला कुक की आवश्यकता घरेलू कार्य एवं खाना बनाने हेतु। समयः शाम 5 बजे से सुबह 9 बजे तक। स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। वेतनः 10,000 प्रतिमाह। संपर्कः 9826708233.(आरो-SPD/0059)

### मार्केटिंग/टैलीकॉलर

आवश्यकता है- पेंट, सीमेंट शोरूम में कार्य हेतु मार्केटिंग स्टाफ- टेली कॉलिंग, कलेक्शन पर्सन-की आवश्यकता है, आकर्षक वेतन योग्यतानुसार संपर्कः नरेश ट्रेडर्स, टाटीबंध रायपुर 9827163561.(RO-158)

### चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- पंचकर्म थेरेपिस्ट ,पुरुष 2, महिला 2 , सैलरी -7000/-10000/-, पता - माधवबाग आयुर्वेदिक क्लीनिक, स्मृति नगर, भीलाई, छ. ग. समय -10 से शाम 07 , सम्पर्क -7000836094. (RO-299)

### आया/ड्रायवर/असिस्टेंट

आवश्यकता है- आया बाई 3, बढ़ाई ड्राइवर Computer technician सफाई कर्मी 2, लैब assistant संपर्कः model english school civil lines raipur Call ya Whatapp kre 9425214413, 8305233335, 8770246890.(RO-157)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की जो बाहर (उज्जैन इंदौर उदयपुर ) मे रह कर काम कर सके सैलरी 12000 + कमीशन + बोनस के साथ महीना 25000/ कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट संपर्क - 7777800422, 9993044523. (Ro -366)

### घरेलु महिला सहायक

आवश्यकता है- घरेलू महिला सहायक चाहिए (18–40 वर्ष)। 24 घंटे रहना होगा, रहना-खाना मुफ्त। खाना बनाना नहीं - घर के बाकी सभी काम। अनुभवी हों। महीने में 2 छुट्टी। स्थानः न्यू चंगोराभाठा, रायपुर। संपर्कः 8305037010. (RO-A)

### सुपरवाइजर/इलेक्ट्रीशियन

आवश्यकता है- पचपेड़ी नाका में कार्य हेतु हाउसकीपिंग सुपरवाईजर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर (लक्जरी ऑटोमैटिक कार अनुभवी), सुरक्षा गार्ड (रहने की सुविधा उपलब्ध) पाँच वर्षीय अनुभवी संपर्क करे- 9425288233. (RO-680)

### अन्य

आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु आवेदन करे 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्र सीमा (18 - 42 ) सैलरी- 26500/- 45500/- आवेदन हेतु - मार्कशीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो ,व्हाट्सएप / कॉल करे - 8400406891.(RO-091)

### For Rent किराया

किराये पर उपलब्ध- बिलासपुर, व्यापार विहार में गुम्बर पैट्रोल पम्प के पीछे VR NEXUS बिल्डिंग में फर्स्ट फ्लोर 2560 वर्गफुट, सेकेण्ड फ्लोर 1910 वर्गफुट, किराये पर उपलब्ध। (पार्किंग सुविधा) सम्पर्क करें- 9589740766, 9425530355. (RO-40953)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ




## Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### कोचिंग में आग, कुछ ...

और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने का ऐलान किया। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मृतकों के परिजन को पांच-पांच लाख तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मामले की जांच के लिए विशेष दल गठित करने का निर्देश दिया। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार हादसे में मरने वालों की शिनाख्त सागर, नीलेश, अनामिका, संयम, अनुछा, सुखमनी, आदित्य श्रीवास्तव, ज्योति, भविष्य, अब्दुल रहमान, सूरज शाह, शाहजान, जयनिल चक्रवर्ती, मोहम्मद अम्मार और सुमाल्या के रूप में हुई है। सूची के अनुसार हादसे में नौ अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। इस मामले की जांच के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दो सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। एसआईटी में पर्यटन, धर्मार्थ और संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात और लखनऊ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक प्रवीण कुमार को शामिल किया गया है और उसे सात दिन में रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। मुख्यमंत्री अलीगढ का दौरा बीच में ही छोड़कर लखनऊ लौटे और घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। वह अस्पताल भी पहुंचे और घायल पीड़ितों से मुलाकात करके संवेदना प्रकट की। देर रात, रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। बाद में उन्होंने केजीएमयू के ट्रामा सेंटर पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

### कतर की फैक्ट्री में ...

कहा गया है कि धमाके में घायल लोगों का उचित इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर है। इसमें कहा गया है, दूतावास इस घटना से प्रभावित भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को हर संभव मदद मुहैया कराने के लिए कतर के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसमें यह सुनिश्चित करना भी शामिल है कि मृतकों के शव जल्द से जल्द भारत भेजे जाएं। इससे पहले, कतर के ऊर्जा मंत्री साद बिन शेरिदा अल-काबी ने संवाददाताओं से कहा था कि धमाके में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के 13 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कतर के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रास लाफान औद्योगिक शहर में रविवार शाम बरजान स्थानीय गैस आपूर्ति संयंत्र में परिचालन के दौरान आई तकनीकी गड़बड़ी के कारण हुए धमाके और उसके बाद लगी आग में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 66 अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षा अधिकारियों ने रास लाफान में आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों के साथ मिलकर तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। उसने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मौके पर राहत एवं बचाव अभियान पूरा कर लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारी घटना के सटीक तकनीकी कारणों का पता लगाने और उससे जुड़ी सभी परिस्थितियों का ब्यौरा जुटाने के लिए जांच में जुट गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि दुर्घटना के कारण कोई रिसाव नहीं हुआ और इससे आसपास के लोगों की सुरक्षा या पर्यावरण को कोई खतरा नहीं है। इससे पहले, कतरएनर्जी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अल-काबी ने बताया था कि रविवार शाम रास लाफान औद्योगिक शहर में बरजान स्थानीय गैस आपूर्ति संयंत्र में हुए धमाके और उसके बाद लगी आग में 66 लोग घायल हो गए।

### उधार दिए पैसे मांगना...

बरी कर दिया है। दरअसल, मामला धमतरी जिले के ग्राम बलियारा का है। 17 जून 2014 को तत्कालीन सरपंच बलराम मंडावी का शव खेत में मिला था। जांच में सामने आया कि उन्होंने कीटनाशक सेवन कर आत्महत्या की थी। घटनास्थल से मिले सुसाइड नोट में ठेकेदार अशोक कुमार वाधवानी का नाम दर्ज था। परिजनों ने आरोप लगाया था कि, चौपाल निर्माण के लिए सामान के एवज में आरोपी अशोक मूल रकम से कई गुना ज्यादा राशि मांग रहा था और लगातार दबाव बना रहा था। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर सरपंच ने आत्महत्या कर ली थी।

पूर्व फैसलों का दिया हवाला

जस्टिस रजनी दुबे की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि रिकार्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जिससे यह साबित हो कि आरोपी ने मृतक को आत्महत्या करने के लिए उकसाया था।

### उद्धव गुट के 6 सांसदों ...

उद्धव ठाकरे के गुट में एक और विभाजन की प्रक्रिया पूरी हो गई। नयी दिल्ली में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की संसदीय दल की एक अहम बैठक में शामिल न होने के पांच दिन बाद, शिंदे और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में एक कार्यक्रम में बागी सांसद शिवसेना में शामिल हुए। शिवसेना (उबाठा) संसदीय दल की बैठक में केवल तीन लोकसभा सदस्य शामिल हुए थे। पाला बदलने वाले शिवसेना (उबाठा) के लोकसभा सदस्य संजय देशमुख (यवतमाल), संजय जाधव (परभणी), संजय दीना पाटिल (मुंबई उत्तर पूर्व), नागेश पाटिल-आष्टीकर (हिंगोली), ओमप्रकाश राजे निंबालकर (धाराशिव) और भाऊसाहेब वाकचौरे (शिरडी) हैं। शिंदे ने पाला बदलने वाले छह सांसदों को जमीन से जुड़े 'धुरंधर' बताते हुए कहा, मेरा अभियान एकदम पुख्ता होते हैं। उप मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ऑपरेशन टाइगर अब पूरा और सफल हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सांसदों की संख्या के हिसाब से शिवसेना अब महाराष्ट्र की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने 2024 के आम चुनावों में भाजपा और शिवसेना के उम्मीदवारों को हराया था। शिवसेना (उबाठा) ने 2024 के आम चुनाव में महाराष्ट्र में नौ लोकसभा सीटें जीती थीं। पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने कहा, ये लोकसभा सदस्य अब उस असली शिवसेना में शामिल हो गए हैं, जो दिवंगत बालासाहेब ठाकरे की सीख का पालन करती है। चार साल पहले मैंने एक कड़ा कदम उठाया था और अब मैंने छक्का मारा है (यह उन सांसदों की संख्या की ओर इशारा है, जिन्होंने पाला बदला है)। उन्होंने जून 2022 में अविभाजित शिवसेना में की गई अपनी बगावत का भी जिक्र किया, जिसकी वजह से उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार गिर गई और वह मुख्यमंत्री बन गए।

## चीन ने 10 अमेरिकी कंपनियों को बैन किया

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका के खिलाफ बड़ी जवाबी कार्रवाई की है। उसने 10 अमेरिकी कंपनियों पर निर्यात नियंत्रण लगा दिया है। साथ ही 46 अमेरिकी रक्षा और एयरोस्पेस कंपनियों के उत्पादों की सरकारी खरीद पर भी रोक लगा दी है। चीन का कहना है कि यह कदम अमेरिका द्वारा कई चीनी कंपनियों को ब्लैकलिस्ट करने के जवाब में उठाया गया है। इस महीने अमेरिका ने 80 चीनी कंपनियों और उनसे जुड़ी इकाइयों को ब्लैकलिस्ट में डाल दिया था। इनमें अलीबाबा, बायडू और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी बीवायडी जैसी बड़ी कंपनियां भी शामिल हैं। इसके जवाब में चीन ने रक्षा, एयरोस्पेस और रेयर अर्थ खनन क्षेत्र की कई अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। वहीं चीन के वित्त मंत्रालय ने सरकारी एजेंसियों को 46 अमेरिकी रक्षा कंपनियों के उत्पाद खरीदने से भी रोक दिया है। इन कंपनियों में लॉकहीड मार्टिन, रेथियॉन, बोइंग डिफेंस और जनरल डायनेमिक्स जैसी अमेरिकी रक्षा क्षेत्र की बड़ी कंपनियां शामिल हैं।

■ 46 रक्षा कंपनियों के उत्पादों की खरीद पर रोक

## नेतन्याहू येरूशलेम में कहा
## 'ट्रंप के इशारों पर काम नहीं करता नहीं हटाएंगे लेबनान से सेना'

एजेंसी ▶▶ यरुशलम



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यरूशलेम में जेएनएस समिट को संबोधित करते ट्रंप के साथ अपने संबंधों पर उठ रहे सवालों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि इजरायल और अमेरिका दोनों स्वतंत्र राष्ट्र हैं और वे अपने-अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार कार्य करते हैं। नेतन्याहू ने कहा, 'अमेरिका में लोग कहते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप वही करते हैं जो मैं उनसे कहता हूं। वहीं इजरायल में कुछ लोग सोचते हैं कि मैं वही करता हूं जो ट्रंप चाहते हैं। लेकिन दोनों ही बातें गलत हैं। हम ट्रंप के इशारे पर काम नहीं करते। हम आजाद और गौरवशाली देश के नेता हैं।' यरुशलम में आयोजित जेएनएस शिखर सम्मेलन में नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका के साथ मिलकर इजरायली सेना ने इतिहास का सबसे बड़ा हवाई अभियान चलाया और ईरान के परमाणु ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया है।

### इजरायल की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

इजरायली पीएम ने कहा कि हमारी प्राथमिकता इजरायल की सुरक्षा है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अक्सर अमेरिका-इजरायल की राय एक जैसी होती है। कभी-कभी नहीं भी होती। लेकिन, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हम एक-दूसरे की संप्रभुता, नेतृत्व और अपने लोगों के प्रति प्रतिबद्धता का सम्मान करते हैं।'


एनएमडीसी NMDC

**बीआईओपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किरंदुल**
**जिलाः दंतेवाड़ा (छ.ग.) 494556**
**सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय**

Great Place To Work. Certified

सं. प्राचार्य/शिक्षक/साक्षात्कार/तदर्थ/2026/ दिनांक 21.05.2026

**-:: वॉक इन इंटरव्यू ::-**

किरंदुल स्थित बीआईओपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 (11 महीने) के लिए तदर्थ/अनुबंधात्मक शिक्षकों की नियुक्ति हेतु वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया गया है। संतोषजनक प्रदर्शन पर इस अवधि को एक और 11 महीने के सत्र के लिए बढ़ाया जा सकता है। वॉक-इन इंटरव्यू का कार्यक्रम नीचे दिया गया है:

| पद | साक्षात्कार की प्रस्तावित तिथि | पदों की संख्या | विषय |
|---|---|---|---|
| पीजीटी | 26.06.2026 | 05 | जीवविज्ञान, गणित, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, वाणिज्य |
| टीजीटी | 26.06.2026 | 02 | गणित, संस्कृत |
| पीआरटी | 27.06.2026 | 05 | विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, संगीत वाद्ययंत्र, कंप्यूटर अनुदेशक |

योग्यता, पात्रता मानदंड, मानदेय आदि के बारे में अधिक जानकारी स्कूल की वेबसाइट https://biopschool.com पर प्राप्त की जा सकती है। पात्र और इच्छुक उम्मीदवार जो मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें उपर्युक्त तिथि के अनुसार वॉक-इन-इंटरव्यू में शामिल होने के लिए सुबह 8:30 बजे से 10:00 बजे तक पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने हेतु साक्षात्कार स्थल, यानी बीआईओपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किरंदुल पहुंचना होगा।

**प्राचार्य**


## पेज एक के शेष

### प्लेसमेंट के नाम पर चेन्नई गई...

रवाना कर दिया गया गया है। बता दें कि सरगुजा जैसे आदिवासी अंचल से भोले भाले ग्रामीणों को बेहतर काम के नाम पर दूसरे राज्यों में ले जाकर बंधक बनाए जाने के मामले समय समय पर सामने आते रहते है। काम का झांसा देकर युवक युवतियों को बाहर ले जाया जाता है और उनसे जबरन काम कराने के साथ ही वापस घर नहीं जाने दिया जाता। ऐसा ही एक मामला फिर से सरगुजा में सामने आया है। बंधक बनाई गई युवतियों ने वीडियो बनाकर मदद की गुहार लगाई है। वीडियो बनाने वाली तीनों युवतियां सीतापुर क्षेत्र के ग्राम भरतपुर बेलजोरा बिनई की रहने वाली है। युवतियों का कहना है कि उन्होंने तीन महीने तक जशपुर में सिलाई की ट्रेनिंग ली थी और ट्रेनिंग के बाद उन्हें बोला गया कि प्लेसमेंट में चेन्नई में उन्हें बेहतर काम मिलेगा। रोजगार की लालसा में युवतियां चेन्नई के कांचीपुरम क्षेत्र में गई थी और काम कर रही थी लेकिन जब उन्होंने तबीयत खराब होने पर वापस घर जाने की बात की तो उनके रोका जा रहा है। ऐसे में उन्होंने चेन्नई भेजने वाले लोगों से संपर्क किया लेकिन वे भी युवतियों का फोन नहीं उठा रहे है। इतना ही नहीं वापस जाने के नाम पर उनसे उल्टा दस दस हजार रूपए की मांग की जा रही है।

**वीडियो बनाकर लगाईं मदद की गुहारः** प्रशासन से संपर्क किया और युवतियों को सोमवार की दोपहर 12 बजे तक बरामद कराया गया। इसके साथ ही उन्हें सरगुजा के लिए रवाना किया गया जिसके बाद युवतियों के परिजन ने भी राहत की सांस ली है।

### इतिहास रचा, सरकार बनाई...

प्रधानमंत्री कार्यकाल पर कई विवाद छाए रहे हैं। इनमें लेबर पार्टी के सीनियर नेता पीटर मेंडलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाना भी शामिल है, जबकि उनके दोषी यौन अपराधी जेफरी एप्सटीन से संबंधों की जानकारी पहले से थी। स्टार्मर ने अपने उत्तराधिकारी के चयन की समयसीमा भी तय करते हुए कहा कि नए नेता का चुनाव जुलाई के मध्य तक कर लिया जाएगा। स्टॉर्मर (63) ने कहा कि लेबर पार्टी के नए नेता के चुने जाने तक वह कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में पद पर बने रहेंगे। उन्होंने नए नेता को अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया। पिछले सप्ताह हुए एक अहम उपचुनाव में स्टॉर्मर के प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाले एंडी बर्नहैम की जीत के बाद उनके प्रधानमंत्री पद से हटने की पृष्ठभूमि तैयार हुई। माना जा रहा कि बर्नहैम प्रधानमंत्री बनेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' से अपने संबोधन में भावुक स्टॉर्मर ने कहा, मेरी पार्टी अब यह सवाल पूछ रही है कि क्या अगले आम चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करने के लिए मैं सबसे उपयुक्त व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा, मैंने उस सवाल पर अपनी संसदीय पार्टी का जवाब सुना है और मैं उस जवाब को खुशी-खुशी स्वीकार करता हूं। मैंने जो भी फैसला लिया है, उसमें हमेशा उस देश को प्राथमिकता दी है जिससे मैं प्यार करता हूं। इसीलिए मैं लेबर पार्टी के नेता के पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

## कश्मीरी नेता ने लगाए पीओके में मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप



**श्रीनगर।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में सुरक्षा बलों की कार्रवाई को लेकर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप सामने आए हैं। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के अध्यक्ष सरदार शौकत अली कश्मीरी ने दावा किया है कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर छापेमारी, गिरफ्तारियां और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं हुई हैं। एक वीडियो संदेश में कश्मीरी ने कहा कि पीओके से आ रही जानकारी बेहद गंभीर और चिंताजनक है। उनके अनुसार सुरक्षा बलों ने विभिन्न इलाकों में घरों पर छापे मारे, सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया और तलाशी अभियानों के दौरान कई परिवारों की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। यूकेपीएनपी प्रमुख ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद और पाकिस्तान सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की।


**कार्यालय नगर पंचायत, गुरूर, जिला - बालोद छ.ग.**

क्र./405/राजस्व/न.पं./2026-27 गुरूर दिनांक 19/06/2026

**प्रथम दर / प्रस्ताव आमंत्रण संशोधन सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गुरूर क्षेत्रांतर्गत अम्बेडकर चौक के समीप वार्ड क्रमांक 06 पर व्यवसायिक परिसर निर्माण (स्ववित्त / पीपीपी मोड़ में) किया जाना प्रस्तावित है। तद्संबंध में निकाय के पत्र क्रमांक / 309 / राजस्व / न.पं. / 2026-27 गुरूर दिनांक 02.06.2026 के तहत प्रथम दर / प्रस्ताव आमंत्रण सूचना का प्रकाशन दिनांक 22.06.2026 तक किया गया है। उक्त सूचना में अंशिक संशोधन करते हुए कार्यालय में निविदादर / बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30.06.2026, कार्यालयीन अवधि तक एवं निविदा / बोली खोलने की तिथि 01.07.2026 समय 11:00 बजे से पढ़ी जावें। शेष नियम / शर्त यथावत रहेगी। अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि मे नगर पंचायत के राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं विभागीय वेबसाइड www.uad.cg.gov.in में अवलोकन / डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गुरूर**

**।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।**

Email ID-durgmc2019@gmail.com Phone: 0788-2322148

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक / 523 लो.क.वि./2026-27 दिनांक : 22/06/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत एवं निविदा शर्तों के अनुरूप अनुभवी ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का नाम | लागत | निविदा जारी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्रमांक 19 आंबेडकर आवास से शक्ति नगर नाला, हरि नगर से रजत होम्स, टोल प्लाजा से धमधा रोड एवं आरोग्यम हॉस्पिटल से शक्ति नगर नाला तक नाला निर्माण कार्य। System No. 193839, Dt.20.06.2026 | रू. 359.62 लाख | 20.06.2026 से 10.07.2026, निविदा फिजिकल जमा करने की तिथि 14.07.2026 खोलने की तिथि 15.07.2026 |
| 2. | निकाय के फिल्टर प्लांट, इंटेकवेल एवं उच्च स्तरीय जलागार क्षेत्र का उन्नयन कार्य। System No. 193844, Dt.20.06.2026 | रू. 295.52 लाख | |

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**

**कार्यालय नगर पंचायत मारो, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)**

क्रमांकः 298 / लो.नि.वि. / न.पं. / 2026-27 मारो, दिनांकः 19/06/2026

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-टेण्डर निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 193793 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Maro, Chhattisgarh | 26.67 | द्वितीय निविदा |

उपरोक्तानुसार ऑनलाईन द्वारा द्वितीय निविदा 193793 दिनांक 19/06/2026 से आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण छ.ग. शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in व विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा आमंत्रण से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जायेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत मारो**

**पी. एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय**
शिक्षा मंत्रालय)
(स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)
भारत सरकार
पेंटा, सुकमा - 1 (छ.ग.) 494122
ईमेल - jnvkontasukma1@gmail.com

**PM SHRI JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA**
Ministry of Education
(Dept. of School Education & Literacy) Govt. of India
Penta, Sukma-I, Chhattisgarh -494122
Email- jnvkontasukma1@gmail.com

CBSE Affil No. 3340024, School No. 19261 UDISE No. 22213410709

F. No.01/JNV-Sukma-I//2026-27/167 Date : 22/06/2026

**WALK-IN-INTERVIEW**

PM Shri School Jawahar Navodaya Vidyalaya, Dornapal, Sukma-1 (C.G.) is inviting experienced persons/experts purely on a contractual/part-time basis for the session 2026-27. Interested and eligible candidates can attend the walk-in interview in the Vidyalaya on 01/07/2026 (10:30 AM to 01:30 PM) along with their educational certificates and experience documents.

| SL. NO | POST | NO. of POST | QUALIFICATION | MONTHLY PAYMENT | DURATION |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Yoga teacher (Female) | 01 | B.P.Ed/M.P.Ed in Yoga or Post Graduate Diploma in Yoga specialization from recognized university. Priority will be given on the basis of experience. | 12500/- (minimum 03 sessions per week) | 08 months (under PMSHRI) |
| 2. | Sports coach (Football/ Handball) | 01 | B.PED or M.PED with specialization from recognized university. Candidate must have participated in relevant sports event at State level or higher. Priority will be given On the basis of experience. | 20000/- (16 sessions monthly) | 05 months (under PMSHRI) |
| 3. | Sports Coach 01 (Kabaddi/ Kho-kho) | 01 | B.P.Ed or M.P.Ed with specialization in Handball from recognized university. Candidate must have participated In relevant sports event at State level or higher. Priority will be given on the basis of experience. | 20000/- (16 sessions monthly) | 05 months (under PMSHRI) |
| 4. | Self-defense trainer (Female) | 01 | Expert in Judo/ Karate/ Taekwondo/ Kung fu (Relevant Degree/certificate from recognized institute). Black belt in any of martial art form. Priority will be given on the basis of experience. | 12500/- (minimum 04 training programs monthly) | 08 months (under PMSHRI) |
| 5. | Dance Trainer | 01 | Certificate/Diploma/Degree in classical/ Folk/ Modern dance/ Local Traditional with performance experience (Kathak/ Bharatnatyam/odisi). Priority will be give non The basis of experience. | 25000/- (06 sessions per week) | 06 months (under PMSHRI) |
| 6. | Instrumental Music Coach | 01 | Skilled in instruments like Guitar/Tabla/Keyboard, banjo/Flute/Octopad/Harmonium. Certificate/Dholak Diploma/Degree in music with professional experience etc. Priority will be given on the basis of experience. | 25000/- (06 sessions per week) | 06 months (under PMSHRI) |
| 7. | Skill Teacher agriculture (Solenaceous Crop Cultivator) | 01 | Master's/Bachelor's Degree in Agriculture/ Horticulture OR Diploma in Horticulture. Desirable: Higher education and experience of teaching/ farming related work. | 30000/- (vacation periods will not be paid) | 10 months (under PMSHRI) |
| 8. | Atal Tinkering Lab (ATL) facilitator | 01 | B.Tech/M.Tech in Electronics and Communication Engineering with minimum one year experience in any reputed institution in the field of innovation/robotics/ STEM/Artificial Intelligence. | 30000/- (classes to be conducted as per time table) | 10 months (under PMSHRI) |
| 9. | TGT (Gujrati) | 02 | Bachelor's Degree from a recognized university with at least 50% marks in the concerned subject/combination of subjects and in aggregate. Candidate should have studied requisite subjects in all three years of degree course. Passed CTET conducted by CBSE as per NCTE guidelines. B.Ed. Degree. Competence in English and Hindi. | रू. 40,625/- per month | 10 months |
| 10. | Matron | 03 | Eligible only for lady (Women), Widow/Divorced women without family responsibilities will be given priority. Minimum educational qualification is to have passed class 10th from any recognized board. As on 01.07.2026 the minimum age should be 35 years and maximum age should Not exceed 55years. Unskilled category salary will be payable As per government rules. It will be mandatory for matron to Stay with girl students in the hostel. Compliance with the rules Specified by Navodaya Vidyalaya Samiti from time to time will have to be ensured. | Central government wage rate under Unskilled category (Pay) | 10 months (vacation periods will not be paid) |

**Note:** (i) Duration of session is to be counted as 90 minutes. (ii) No TA/DA will be admissible for attending the walk-in-interview.

The eligible/willing desired candidate may appear in the interview for the said post. The candidate has to report at PM Shri JNV, Penta, Dornapal, Sukma -1, Distt- Sukma (C.G.) on 01.07.2026 (Monday) by 10:30 AM with Bio Data/ Resume, original testimonials including identity proof and one set of self-attached Xerox copies of each and 02 copies of recent passport size color photograph.

-sd-
Principal
PM Shri School JNV, Sukma-1 (C.G.)


## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।


## शब्द पहेली - 6265



**बाएँ से दाए-**
1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**
2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -6264 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6275

★ ☆ ☆ ☆ ☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6274 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## खबर संक्षेप

### शाह आज करेंगे ऑक्शन पोर्टल का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री 23 जून को राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) के अत्याधुनिक डिजिटल ऑक्शन पोर्टल 'नेफ़ेक्स डॉट इन' का शुभारंभ करेंगे। बहुप्रतीक्षित पोर्टल किसानों के लिए वरदान साबित होगा। यह पोर्टल कृषि उपज, बागवानी उत्पादों तथा अन्य सहकारी क्षेत्र से जुड़े उत्पादों की पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और तकनीक आधारित नीलामी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नए पोर्टल के माध्यम से किसानों, सहकारी समितियों, व्यापारियों और खरीदारों को एकीकृत डिजिटल मंच उपलब्ध होगा, जिससे कृषि विपणन प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बन सकेगी।

### पूंजीकरण में एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता में सुधार और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.15 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

### रुपया 34 पैसे टूटकर 94.67 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को 34 पैसे कमजोर होकर 94.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी बाज़ार में अमेरिकी मुद्रा की मज़बूती के कारण रुपये पर दबाव है। रुपये में उतार-चढ़ाव बना रहा। स्थिर ऋण एवं जमा प्रवाह ने घरेलू मुद्रा को सहारा दिया, जबकि पश्चिम एशिया की अनिश्चित स्थिति तथा मजबूत डॉलर ने इसे दबाव में डाला।

### स्टील बर्ड की प्रीमियम ब्रांड की मांग में वृद्धि दर्ज

Steelbird Helmets

**मुंबई।** प्रमुख हेलमेट कंपनी स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया की कुल आय में प्रीमियम खंड की हिस्सेदारी वर्ष 2032 तक 20 प्रतिशत तक पहुंच सकती है, क्योंकि इसके विशेष ब्रांड की मांग में वृद्धि हो रही है। स्टीलबर्ड हाई-टेक के प्रबंध निदेशक राजीव कपूर ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में उसकी आय 869 करोड़ रुपये रही, जिसमें प्रीमियम खंड का योगदान पांच प्रतिशत से भी कम था।

### के2 इन्फ्रा को मिला सड़क परियोजना का ठेका



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचा क्षेत्र से जुड़ी कंपनी के2 इन्फ्रा लि. को तेलंगाना सरकार से लगभग 390.91 करोड़ रुपये की सड़क परियोजना का ठेका मिला है। तेलंगाना ग्रामीण सड़क विकास कार्यक्रम के तहत मिली परियोजना भोंगीर सर्किल में चुनिंदा पंचायती राज इंजीनियरिंग विभाग की सड़कों के निर्माण, उन्नयन, मजबूती और रखरखाव के लिए है।

# द. कोरिया की 300 कंपनियां शेयर बाजार से बाहर होगी, एक्सचेंज का बड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया एक्सचेंज के सीइओ ने कहा है कि देश में लिस्टेड करीब 2,700 कंपनियों में से लगभग 300 कंपनियां अगले साल तक डीलिस्ट हो सकती हैं। यानी उनके शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड नहीं होंगे।

- देश के स्टॉक एक्सचेंज में 2700 कंपनियां सूचीबद्ध है

यह फैसला किसी एक कंपनी या सेक्टर के लिए नहीं है। इसके पीछे मकसद है निवेशकों का भरोसा बढ़ाना और बाजार को ज्यादा मजबूत बनाना। सवाल यही है कि जब कंपनियां पहले से बाजार में लिस्टेड हैं, तो फिर उन्हें बाहर करने की जरूरत क्यों पड़ रही है? दरअसल, शेयर बाजार सिर्फ कंपनियों का नहीं, निवेशकों के भरोसे का भी खेल है।

## मकसद निवेशकों का भरोसा बढ़ाना और बाजार को ज्यादा मजबूत करना

### पूरी दुनिया के निवेशकों का ध्यान खींचा

अगर कुल 2,700 कंपनियों में से 300 कंपनियां बाहर होती हैं, तो यह कोई छोटा कदम नहीं है। मतलब हर 100 कंपनियों में करीब 11 कंपनियां बाजार से बाहर हो सकती हैं। यही वजह है कि इस खबर ने पूरी दुनिया के निवेशकों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है।

### डीलिस्टिंग का मतलब क्या होता है

बहुत से छोटे निवेशक यह शब्द सुनते हैं, लेकिन इसका मतलब पूरी तरह नहीं समझते। डीलिस्टिंग का सीधा मतलब है कि कंपनी का शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड नहीं होगा। आप उस शेयर को सामान्य तरीके से खरीद या बेच नहीं पाएंगे। जब कोई कंपनी एक्सचेंज के नियमों को पूरा नहीं कर पाती या किसी वजह से उसे बाहर किया जाता है, तो उसे डीलिस्टिंग कहा जाता है।




*निवेशकों का भरोसा बढ़ाने की कोशिश :* कोरिया एक्सचेंज का कहना है कि यह पूरा कदम निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिए उठाया जा रहा है। दुनिया भर के बाजार अब सिर्फ कंपनियों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान नहीं दे रहे।

### जरूरत पड़ी तो नियम और सख्त होंगे

कोरिया एक्सचेंज ने यह भी साफ किया है कि अगर जरूरत पड़ी तो और कड़े नियम भी लाए जा सकते हैं। यानी यह सिर्फ शुरुआत हो सकती है। अगर बाजार की गुणवत्ता सुधारने के लिए और कदम उठाने पड़े, तो एक्सचेंज पीछे हटने वाला नहीं है। यह संदेश कंपनियों के लिए भी साफ है कि अब सिर्फ लिस्टेड रहना काफी नहीं होगा। प्रदर्शन भी दिखाना पड़ेगा।

*निवेशकों के लिए बेहतर कंपनियां हो: अगर बाजार में ऐसी कंपनियां बनी रहें जो लगातार खराब प्रदर्शन कर रही हों, नियमों का पालन न करती हों या निवेशकों को कोई खास फायदा न दे रही हों, तो पूरे बाजार की छवि खराब हो सकती है। इसी वजह से कोरिया एक्सचेंज अब बाजार की सफाई के मूड में दिखाई दे रहा है।*

### कोरिया डिस्काउंट क्या होता है

आसान भाषा में समझें तो लंबे समय तक ऐसा माना जाता था कि दक्षिण कोरिया की कंपनियां अच्छी होने के बावजूद उन्हें उतनी वैल्यू नहीं मिलती थी जितनी दुनिया के दूसरे बाजारों में मिलती है। निवेशकों को लगता था कि कॉर्पोरेट गवर्नेंस, शेयरधारकों के अधिकार और पारदर्शिता के मामले में सुधार की जरूरत है। यही वजह थी कि कई कंपनियों का वैल्यूएशन कम माना जाता था। अब एक्सचेंज का दावा है कि हालात पहले से काफी बेहतर हो चुके हैं और यह डिस्काउंट काफी हद तक खत्म हो गया है।

## जेपी मोर्गन की जारी रिपोर्ट में कहा गया

# पेट्रोल, डीजल मार्जिन पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले के स्तर से पार

**विपणन कंपनियों के लाभ में सुधार की उम्मीद**

**कच्चे तेल की घटती कीमतों से मार्जिन में होगा सुधार**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लाभ में सुधार की उम्मीद है। इसका कारण कच्चे तेल की घटती कीमतों से ईंधन विपणन मार्जिन में होने वाला सुधार है। हालांकि, बढ़ते कर्ज और ईंधन कर को लेकर अनिश्चितता इस क्षेत्र की लंबी अवधि की कमाई की संभावनाओं को सीमित कर सकती है। जेपी मॉर्गन की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी रिफाइनरियों और खुदरा ईंधन विक्रेताओं के पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर संयुक्त मार्जिन अब हाल के पश्चिम एशिया संघर्ष से पहले के स्तर से ऊपर है। इसका कारण कच्चे तेल की कम कीमतें और केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती है।

### ईंधन की खुदरा कीमतें काफी हद तक स्थिर रही

पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से वैश्विक तेल की कीमतों में उछाल आया, लेकिन देश में पेट्रोल पंप पर ईंधन की खुदरा कीमतें काफी हद तक स्थिर रहीं। इसमें वृद्धि जरूरी बढ़ोतरी के मुकाबले बहुत कम रही। मई में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद भी, पेट्रोल पंप पर ईंधन के दाम लागत से कम थे।

## बढ़ते कर्ज और ईंधन कर को लेकर अनिश्चितता

### मार्च में उत्पाद शुल्क में हुई थी कटौती

सरकार ने मार्च में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में प्रति लीटर 10 रुपये की कटौती की थी ताकि खुदरा कीमतों में तुरंत बढ़ोतरी न हो। जब वैश्विक तेल की कीमतें युद्ध से पहले के स्तर पर आ जाएंगी और स्थिर हो जाएंगी, तो शुल्क को फिर से लगाया जा सकता है।



### एलपीजी पर नुकसान अब भी अधिक



जेपी मॉर्गन ने कहा, ''पेट्रोल और डीजल पर पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के संयुक्त मार्जिन के लिए हमारे अनुमान अब युद्ध-पूर्व स्तर से अधिक हैं। एलपीजी पर नुकसान अब भी अधिक है, लेकिन जल्द ही तेल की कीमतों के साथ इसमें भी कमी आनी चाहिए।'' रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कमाई पर माल भंडार के स्तर पर नुकसान का असर पड़ सकता है, लेकिन दूसरी तिमाही में लाभ बेहतर होना चाहिए।

### ओएमसी पर काफी कर्ज चढ़ा है

इसमें कहा गया, ''मार्जिन में इस सुधार को लेकर हमारे उत्साह को दो बातें सीमित करती हैं। पिछले कुछ महीनों में ओएमसी पर काफी कर्ज चढ़ा है। इससे मूल्यांकन प्रभावित हुआ है और लाभ का एक बड़ा हिस्सा उत्पाद शुल्क में कटौती के कारण है। हो सकता है कि सरकार कुछ समय के लिए कर कम रखे, जिससे ओएमसी कर्ज चुका सके। हालांकि, भविष्य में उत्पाद शुल्क बढ़ने का जोखिम बना हुआ है।''

### एचपीसीएल के मार्जिन में पहले से उछाल

*ब्रोकरेज कंपनी का अनुमान है कि बीपीसीएल और आईओसीएल के लिए मौजूदा संयुक्त पेट्रोल और डीजल मार्जिन संघर्ष से पहले के स्तर से अधिक है, जबकि एचपीसीएल के मार्जिन काफी हद तक तेल की कीमतों में हाल के उछाल से पहले के स्तर पर या उससे ऊपर आ गए हैं। यह सुधार बेहतर संयुक्त रिफाइनिंग और विपणन परिवेश को दिखाता है।*

### कीमतें कम होने से कंपनियों को अधिक लाभ

*तेल की कीमतें अगर कम होती रहती हैं तो सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों (ओएमसी)... भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)... में से बीपीसीएल और आईओसी को निकट भविष्य में सबसे अधिक लाभ होने की उम्मीद है।*

# भारत जहाजों के पुनर्चक्रण में दुनिया का अग्रणी देश बना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- भारत की वैश्विक बाजार में 35 .4 फीसदी हिस्सेदारी
- 2024 में यह हिस्सेदारी 30 .1 प्रतिशत थी

भारत पुराने जहाजों के पुनर्चक्रण के वैश्विक बाजार में 2025 के दौरान 35.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दुनिया का शीर्ष देश बनकर उभरा जबकि 2024 में यह 30.1 प्रतिशत थी।

सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। पुराने, अनुपयोगी या सेवा से हट चुके जहाजों को तोड़कर उनके हिस्सों को दोबारा उपयोग में लाने की प्रक्रिया जहाज पुनर्चक्रण कही जाती है। आधिकारिक बयान में 'संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन' (अंकटाड) की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि भारत में जहाज पुनर्चक्रण 2025 में बढ़कर 29.9 लाख टन हो गया, जो 2024 के 18.6 लाख टन से करीब 60 प्रतिशत अधिक है। इस उपलब्धि के साथ 'मैरीटाइम इंडिया विजन (एमआईवी) 2030' के तहत भारत के दुनिया का अग्रणी जहाज पुनर्चक्रण देश बनने का लक्ष्य तय समय से पहले ही हासिल कर लिया गया है।

### भारत की स्थिति और मजबूत हुई


इस अवसर पर बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा, /''भारत का वैश्विक स्तर पर शीर्ष जहाज पुनर्चक्रण देश के रूप में उभरना लगातार नीतियों में सुधार, उद्योग के प्रयासों और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण एवं सुरक्षा मानकों के पालन का परिणाम है। सोनोवाल ने कहा कि इससे जिम्मेदार एवं टिकाऊ जहाज पुनर्चक्रण के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत हुई है।

# कच्चे तेल में नरमी से घरेलू शेयर बाजार में तेजी लौटी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 291 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 90 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 291.17 अंक बढ़कर 77,094.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 522.66 अंक चढ़कर 77,325.56 अंक तक चला गया था। निफ्टी भी 89.80 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,102.90 अंक पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों के फिर से लिवाली शुरू करने और रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं एचडीएफसी बैंक के शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को सहारा मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा में सर्वाधिक 1.87 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।



- सेंसेक्स 291 और निफ्टी 90 अंक चढ़ा
- ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद से बाजार में तेजी लौटी

इसके अलावा सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और बजाज फिनसर्व के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ एशियन पेंट्स, टाइटन, पावर ग्रिड और ट्रेंट के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, ''अमेरिका-ईरान वार्ता के पहले दौर के सकारात्मक संकेतों से वैश्विक निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।

### एशिया में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। यूरोप के बाजार मिले जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिका के बाजार 'जुनेटीनथ' अवकाश के कारण शुक्रवार को बंद रहे थे।

# भारत-ईयू व्यापार समझौते पर दिसंबर तक हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दिसंबर तक हस्ताक्षर किए जाएंगे और इसके अगले वर्ष फरवरी-मार्च के दौरान लागू होने की संभावना है। इस वर्ष 27 जनवरी को भारत और यूरोपीय संघ ने वार्ताओं के समापन की घोषणा की थी। गोयल ने मुंबई में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के साथ बातचीत के दौरान कहा, 'अब लगभग शून्य शुल्क के साथ यूरोपीय बाजार का बड़ा हिस्सा भारतीय उत्पादों के लिए खुल जाएगा। भारत-ईयू एफटीए पर दिसंबर तक हस्ताक्षर होंगे और यह फरवरी-मार्च तक प्रभावी हो जाएगा।

# रुपए में कमजोरी से सोने और चांदी की कीमतें चढ़ीं

- सोना 1,700 और चांदी 4,800 रुपए हुई महंगी
- सोना बढ़कर 1.52 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजधानी राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को कीमती धातुओं की कीमतों में सुधार हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी और रुपये की कीमत में गिरावट के कारण सोना 1,700 रुपये बढ़कर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि चांदी 4,800 रुपये महंगी हो गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार चार दिन की गिरावट का



सिलसिला टूटा और इसका भाव शुक्रवार के 1,50,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 1,700 रुपये बढ़कर 1,52,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर बंद हुआ। चांदी की कीमत भी 4,800 रुपये बढ़कर 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई।

**हाजिर सोना और चांदी की कीमतें बढ़ीः** अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 49.93 डॉलर या 1.2 प्रतिशत बढ़कर 4,210.19 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 2.4 प्रतिशत बढ़कर 66.47 डॉलर प्रति औंस हो गई। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस और मुद्रा प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा, ''हाजिर सोने और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी हुई क्योंकि अमेरिका और ईरान स्विट्जरलैंड में बातचीत के दौरान अंतिम समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमत हुए हैं।

# रूस की रोसनेफ्ट नायरा एनर्जी के पेट्रोल पंप की संख्या 7,000 के पार




**नई दिल्ली।** रूस की रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी ने भारत में अपने पेट्रोल पंप की संख्या 7,000 के पार पहुंचाते हुए निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी ईंधन खुदरा विक्रेता के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। कंपनी के तेजी से विस्तार के बीच शहरों, राजमार्गों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईंधन की उपलब्धता बढ़ गई है। कंपनी द्वारा जारी बयान के अनुसार पिछले 18 महीनों में 500 से अधिक नए पेट्रोल पंप शुरू किए गए हैं। यह औसतन प्रतिदिन लगभग एक नए केंद्र के संचालन के बराबर है। इस विस्तार के माध्यम से कंपनी देशभर में अपने खुदरा नेटवर्क को मजबूत बनाने के साथ-साथ उन क्षेत्रों तक भी पहुंच बढ़ा रही है, जहां ईंधन अवसंरचना अभी विकास की प्रक्रिया में है।

## बिजनेस साइट

# क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में वीआईटी की बड़ी छलांग

**वेल्लोर।** देश के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल वीआईटी (वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) ने प्रतिष्ठित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए वैश्विक स्तर पर 597वां स्थान प्राप्त किया है।विश्वविद्यालय ने पिछले वर्ष की रैंकिंग के मुकाबले 94 स्थानों की प्रभावशाली बढ़त दर्ज की है। पहले वीआईटी 691वें स्थान पर था। वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषण संस्था क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा जारी इस रैंकिंग में दुनिया भर के 1,500 से अधिक विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन



किया गया। संस्थानों का आकलन रिसर्च एवं डिस्कवरी, लर्निंग एक्सपीरियंस, रोजगार क्षमता, अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और सस्टेनेबिलिटी जैसे प्रमुख मानकों के आधार पर किया गया। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वीआईटी के चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन ने कहा कि अत्यंत प्रतिस्पर्धी वैश्विक माहौल में रैंकिंग में यह सुधार विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि सस्टेनेबिलिटी श्रेणी में भी वीआईटी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्व स्तर पर 352वां तथा भारत में 7वां स्थान हासिल किया है। इसके अलावा, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय सब्जेक्ट 2026 में इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी क्षेत्र में वीआईटी को वैश्विक स्तर पर 119वां और भारतीय संस्थानों में छठा स्थान प्राप्त हुआ।

## हेनली वेल्थ 2026 की जारी रिपोर्ट में बताया गया

# इस साल दुनिया के 1.65 लाख करोड़पति छोड़ रहे हैं अपना देश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया में कई ऐसे अमीर लोग है जो अब सिर्फ पैसा और आलीशान जिंदगी के लिए नहीं, बल्कि बेहतर सुविधाओं और भविष्य की तलाश में अपने देश को छोड़कर दूसरे देशों में जाने की तैयारी कर रहे हैं।

- बेहतर सुविधाएं व भविष्य की तलाश में जा रहे

करोड़ों-अरबों की संपत्ति रखने वाले कई करोड़पति अब दूसरे देशों में अपना नया ठिकाना बना रहे हैं। हेनली के अनुमान 2026 के मुताबिक, इस साल करीब 1.65 लाख करोड़पति पैसा, रुतबा और शानदार जिंदगी होने के बावजूद अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में शिफ्ट होने जा रहे हैं। अमीरों के देश छोड़ने का ये ट्रेंड दुनियाभर में काफी तेजी से देखने को मिल रहा है।

### यूएई बना अमीरों का नया ठिकाना

बताया जा रहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दुनिया भर के अमीरों की पहली पसंद बन चुका है। इसकी सबसे खास बात यह है कि यहां की बेहतर लाइफस्टाइल और बिजनेस का माहौल अमीरों को अपनी ओर खींचता हैं। यूएई का वेल्थ मोबिलिटी स्कोर 85.3 बताया जा रहा है, जो इसे सबसे पसंदीदा देशों में शामिल करता है। वहीं अमेरिका का स्कोर 62.3 है। चौंकाने वाली बात यह है कि अमेरिका से भी ज्यादा लोग दूसरी नागरिकता और नए ठिकानों की तलाश कर रहे हैं।



### भारतीय अमीर क्यों छोड़ रहे हैं देश?

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को लेकर भी कई अहम बातें सामने आई हैं। भारत का वेल्थ मोबिलिटी स्कोर 56.5 बताया गया है। भारतीय अमीरों के दूसरे देशों में जाने के पीछे मुख्य कारणों में पूंजी पर सीमित कंट्रोल और कड़े टैक्स नियम शामिल हैं।

### अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों पर असर

रईसों के देश छोड़ने के इस ट्रेंड का असर अब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं पर भी दिखाई दे रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों से बाहर जाने वाले अमीरों की संख्या भी बढ़ रही है। ब्रिटेन इस समय अमीरों के देश छोड़ने के मामले में दुनिया के प्रमुख देशों में शामिल है। हालांकि, ब्रिटेन से बाहर जाने वाले लोगों में बड़ी संख्या खुद ब्रिटिश नागरिकों की है।

**रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा पलायन :** दुनिया में करोड़पतियों के दूसरे देशों में बसने का आंकड़ा पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ा है। रिपोर्ट के मुताबि 2026 में 1.65 लाख अमीरों के देश छोड़ने का अनुमान है।

# रायपुर में 'विधि ज्वेलर्स एंड बुलियन' का भव्य शुभारंभ

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के सदर बाजार स्थित जैन मंदिर के सामने 'विधि ज्वेलर्स एंड बुलियन' का भव्य शुभारंभ श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। उद्घाटन अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, व्यापारी, समाजसेवी तथा आभूषण प्रेमी उपस्थित रहे। प्रतिष्ठान के संचालक रिकभ बरड़िया एवं उनके पुत्र क्रिस बरड़िया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य ग्राहकों को शुद्धता, पारदर्शिता और विश्वास के साथ उत्कृष्ट आभूषण उपलब्ध कराना है।



उन्होंने बताया कि शोरूम में स्वर्ण, रजत एवं अन्य मूल्यवान आभूषणों की पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों की आकर्षक श्रृंखला उपलब्ध है। साथ ही निवेश हेतु विश्वसनीय बुलियन की भी सुविधा रहेगी। क्रिस बरड़िया ने कहा कि वर्तमान समय में ग्राहक केवल आभूषण ही नहीं, बल्कि भरोसा भी खरीदते हैं। इसी सोच के साथ प्रतिष्ठान गुणवत्तापूर्ण सेवा, प्रमाणित शुद्धता और पारदर्शी मूल्य निर्धारण के माध्यम से ग्राहकों का विश्वास जीतने का प्रयास करेगा। कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा अतिथियों ने शोरूम का अवलोकन कर आभूषणों के आकर्षक संग्रह की सराहना की। उपस्थित लोगों ने इसे रायपुर के आभूषण बाजार में एक महत्वपूर्ण और स्वागतयोग्य पहल बताया।

- ग्राहकों को मिलेगा शुद्धता और भरोसे का संगम

# मेस्सी का 28वां विश्वकप मुकाबला 17 गोल दागकर बने टॉप स्कोरर



एजेंसी ▶▶ अर्लिंगटन

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने फुटबॉल विश्व कप में सबसे ज्यादा 17 गोद दागने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने यह उपलब्धि ऑस्ट्रिया के खिलाफ मुकाबले में पेनाल्टी किक में गोल दागने में असफल होने के लगभग आधे घंटे बाद हासिल की। अर्जेंटीना और ऑस्ट्रिया के बीच विश्व कप मुकाबले के 38वें मिनट में मेस्सी ने यह गोल दागा। यह लगातार छठा विश्व कप मुकाबला है, जिसमें मेस्सी गोल करने में सफल रहे हैं। यह मुकाबला उनके करियर का 28 विश्व कप मुकाबला था, जो एक फीफा रिकॉर्ड है।

### ऑस्ट्रिया पर दर्ज की जीत

अर्जेंटीना ने डलास स्टेडियम में खेले गए इस वर्ल्ड कप मैच में ऑस्ट्रिया पर 2-0 से शानदार जीत हासिल की। इससे पहले, मेस्सी ने कंसास सिटी में पिछले मंगलवार को अल्जीरिया के खिलाफ खेले गए ग्रुप-जे के शुरुआती मुकाबले के दौरान टूर्नामेंट में अपनी पहली हैट्रिक लगाकर विश्व कप में सबसे ज्यादा 16 गोल दागने के जर्मनी के स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोज के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली थी। मेस्सी के पास ऑस्ट्रिया के खिलाफ मैच के नौवें मिनट में ही विश्व कप में सबसे ज्यादा 17 गोद दागने का रिकॉर्ड बनाने का मौका था। हालांकि, वह पेनाल्टी किक में गोल दागने में चूक गए। मेस्सी अपने करियर का छठा फुटबॉल विश्व कप खेल रहे हैं।

# इजिप्ट का इंतजार खत्म, दर्ज की पहली जीत, सालाह ने दागा अपना 68वां गोल



## मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶ वैंकूवर

स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह ने सही समय पर अपना जलवा दिखाया और निर्णायक गोल किया, जिससे मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में अपनी पहली जीत दर्ज की। सालाह ने 67वें मिनट में अपना 68वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने के बाद मुट्ठी हवा में लहराकर जश्न मनाया, जिसके बाद उनके साथियों ने उन्हें घेर लिया। बीसी प्लेस वैंकूवर में खचाखच भरे स्टेडियम में लाल रंग की जर्सी पहने इजिप्ट के प्रशंसक इससे रोमांचित हो गए।




जब 85वें मिनट में सालाह की जगह दूसरे खिलाड़ी को उतारा गया तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इस जीत के साथ मिस्र ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है, लेकिन अभी तक नॉकआउट राउंड में उसकी जगह पक्की नहीं हुई है। मिस्र को शुक्रवार को सिएटल में ईरान के खिलाफ निर्णायक मैच खेलना है, जिसमें उसे आगे बढ़ने के लिए कम से कम ड्रॉ जरूरत होगी। मिस्र चार साल पहले कतर में हुए विश्व कप में नहीं खेल पाया था। वह चौथी बार विश्व कप में भाग ले रहा है। सालाह ने 2018 में रूस में खेले गए विश्व कप में दो गोल किए थे।

# केप वर्दे का जादुई प्रदर्शन, अब उरुग्वे के साथ खेला ड्रॉ

## ग्रुप एच : केप वर्दे ने किया टूर्नामेंट का पहला गोल

**मियामी गार्डन्स।** अपने पहले मैच में खिताब की प्रबल दावेदार स्पेन को चौंकाने वाले केप वर्दे ने अपना जादूई प्रदर्शन जारी रखते हुए दो बार के विश्व कप चैंपियन उरुग्वे के खिलाफ भी यही कारनामा दोहराया और पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैच 2-2 से ड्रॉ कराया। केविन पिना ने 21वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके विश्व कप में केप वर्दे का पहला गोल किया जबकि हेलियो वारेला ने 61वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। मैक्सी अराउजो (44वें) और अगस्टिन कैनोबियो (इंजरी टाइम के छठे



मिनट) ने पहले हाफ के आखिर में गोल करके उरुग्वे को बढ़त दिलाई, लेकिन दूसरे हाफ में उसकी टीम मौके मिलने के बावजूद गोल करने में नाकाम रही। केप वर्दे के पास नॉक आउट चरण में जगह बनाने का सुनहरा मौका है। उसके अब ग्रुप एच में उरुग्वे के बराबर दो अंक हैं और उसे अपना अंतिम मैच सऊदी अरब के खिलाफ खेलना है। केप वर्दे अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित द्वीपों का एक समूह है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 4 हजार वर्ग मीटर है। उसकी आबादी लगभग 5 लाख है। इससे केप वर्दे जनसंख्या के हिसाब से विश्व कप में खेलने वाला तीसरा सबसे छोटा देश बन गया।

# ग्रुप-जी का अजीब गणित, सारे मैच ड्रॉ, चारों टीमों के 2-2 अंक

**ईरान और बेल्जियम ने खेला ड्रा, अलीरेजा ने रोके 7 अटैक**

एजेंसी ▶▶ इंगलवुड

*बेल्जियम ने दूसरे हाफ में अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन वह ईरान के गोलकीपर अलीरेजा बेइरानवंद को नहीं छका पाए, जिससे इन दोनों देशों के बीच विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप जी का मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा। बेल्जियम और ईरान दोनों को इस मैच में जीत की सख्त दरकार थी लेकिन इन दोनों ने अपना लगातार दूसरा मैच ड्रॉ खेला। असल में ग्रुप जी में अभी तक सभी मैच ड्रॉ रहे हैं और चारों टीम के दो-दो अंक हैं। बेल्जियम हालांकि गोल अंतर के कारण सबसे नीचे है जबकि ईरान दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड पहले और मिस्र तीसरे स्थान पर है।*



# यामल बने सबसे कम उम्र में गोल करने वाले 8वें खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ अटलांटा

किशोर सुपरस्टार लामिन यामल ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर पहली बार शुरुआती लाइनअप में शामिल होने के 10 मिनट के भीतर ही गोल किया जबकि मिकेल ओयारजाबल ने दो गोल दागे, जिससे स्पेन सऊदी अरब को 4-0 से हराकर विश्व कप में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने में सफल रहा। खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन ने अपना पहला मैच केप वर्दे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला था और उसे बड़ी जीत की सख्त दरकार थी। 18 वर्षीय फॉरवर्ड यामल ने दूर के पोस्ट पर स्लाइड करते हुए एक लो क्रॉस को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर पहला गोल दागा। इससे वह विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आठवें नंबर पर काबिज हो गए। यामल को पहले मैच में दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतारा गया था।



# भारत के खिलाफ इंग्लैंड टीम का ऐलान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच अगले महीने होने वाली टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने अपनी 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस सीरीज में टीम की कमान युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक के हाथों में सौंपी गई है। टीम में जॉर्डन कॉक्स, सॉनी बेकर और साकिब महमूद की वापसी हुई है। इनके अलावा जोस बटलर, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, फिल साल्ट और सैम करन जैसे दिग्गज और अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज का आगाज 1 जुलाई से चेस्टर-ले-स्ट्रीट में होगा। सीरीज का दूसरा मैच 4 जुलाई को मैनचेस्टर में खेला जाएगा, इसके बाद तीसरा मैच 7 जुलाई को ट्रेंट ब्रिज में होगा। आखिरी दो टी20 मैच 9 और 11 जुलाई को ब्रिस्टल और साउथेम्प्टन में खेले जाएंगे। टी20 सीरीज के खत्म होने के बाद दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी।

फॉर्म नं. 4
(नियम 5 के उप नियम (2ए) देखें)

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण, जबलपुर**

द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन, (बीएसएनएल बिल्डिंग), पोस्ट आफिस के पास, रेसिडेन्सी रोड, जबलपुर, मध्यप्रदेश-482001

**अधिनियम की उपधारा 19 के तहत् समन, ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के नियम 5 के उपनियम (2ए) के साथ पढ़ा जाए ।**

**केस संख्या ओए संख्या 1492/2024**

**पंजाब नेशनल बैंक** — आवेदक

बनाम

**राम प्रसाद बघेल एवं अन्य** — बचाव पक्ष

1. **राम प्रसाद बघेल पुत्र स्व. श्री लटेल राम बघेल, निवासी-** मकान नं. 173, वार्ड नं. 13, सतनामी पारा, ग्राम पोण्डी, तहसील- बोड़ला, जिला- कबीरधाम (छत्तीसगढ़).
2. **संगीता बघेल पत्नी श्री राम प्रसाद बघेल, निवासी-** मकान नं. 173, वार्ड नं. 13, सतनामी पारा, ग्राम पोण्डी, तहसील- बोड़ला, जिला- कबीरधाम (छत्तीसगढ़).
3. **मिलपा देवी उर्फ मिलापा देवी पत्नी स्व. श्री लटेल राम बघेल, निवासी-** 514, वार्ड नं. 13, ग्राम पोण्डी, तहसील- बोड़ला, जिला- कबीरधाम (छत्तीसगढ़) 491995
4. **राम भजन बघेल पुत्र स्व. श्री लटेल राम बघेल, निवासी-** 514, वार्ड नं. 13, ग्राम पोण्डी, तहसील- बोड़ला, जिला- कबीरधाम (छत्तीसगढ़) 491995
5. **अमर दास बघेल पुत्र स्व. श्री लटेल राम बघेल, निवासी-** 514, वार्ड नं. 13, ग्राम पोण्डी, तहसील- बोड़ला, जिला- कबीरधाम (छत्तीसगढ़) 491995
6. **राम कुमार बघेल पुत्र श्री लटेल राम बघेल, निवासी-** 514, वार्ड नं. 13, ग्राम पोण्डी, तहसील- बोड़ला, जिला- कबीरधाम (छत्तीसगढ़) 491995
7. **अगर दास बघेल पुत्र स्व. श्री लटेल राम बघेल, निवासी-** 514, वार्ड नं. 13, ग्राम पोण्डी, तहसील- बोड़ला, जिला- कबीरधाम (छत्तीसगढ़) 491995

जबकि, ओए संख्या **1492/24** माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष सूचीबद्ध की गई थी **06/01/2025** जबकि माननीय न्यायधिकरण से निवेदन है कि अधिनियम की धारा 19 (4) के अंतगर्त आपके विरुद्ध दायर उक्त आवेदन (ओए) पर **92,00,805,52/- रूपये** के ऋण की वसूली हेतु व्यय एवं भविष्य के ब्याज सहित समन/सूचना जारी की जाए । (आवेदन के साथ दस्तावेजों आदि की प्रतियां संलग्न है) ।

अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (4) के अनुसार, आप प्रतिवादियों को निम्नलिखित निर्देश दिए जाते है ।

1. समन की तामील के तीस दिनों के भीतर बताऐ कि मांगी गई राहत क्यों नही दी जानी चाहिए।
2. मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के अंतगर्त आवेदक द्वारा निर्दिष्ट संपत्तियों और परिसंपत्तियों के अतिरिक्त अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों का विवरण प्रकट करना ।
3. आपको मूल आवेदन के 3ए के तहत प्रकट की गई सुरक्षित संपत्तियों या ऐसी अन्य संपत्तियों और संपत्तियों के निपटान से रोका जाता है जब तक कि संपत्तियों की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई और निपटान नहीं हो जाता ।
4. बिक्री पट्टे या अन्यथा के माध्यम से अपने व्यवसाय के सामान्य क्रम को छोड़कर उन संपत्तियों में से किसी को भी हस्तांतरित नहीं करेगें जिन पर सुरक्षा हित बनाया गया है और/ या अन्य संपत्तियां और संपत्तियां मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के तहत् निर्दिष्ट या प्रकट की गई न्यायधिकरण की पूर्व स्वीकृति के बिनाः
5. आप व्यवसाय के सामान्य क्रम में सुरक्षित परिसंपत्तियों या अन्य संपत्तियों या परिसंपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त विक्रय आय का हिसाब देने और ऐसी परिसंपत्तियों और सुरक्षा हित रखने वाले बैंक या बित्तीय संस्थानों के पास रखे गये खाते में ऐसी विक्रय आप जमा करने के लिए उत्तरदायी होगें ।

आपको लिखित बयान की एक प्रति भी दी जाती है जो आवेदक को उपलब्ध कराई गई है और आपको दिनांक **22/05/2026** को **10:30 बजे** उपस्थित होना है। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में आवेदन पर रजिस्ट्रार के समक्ष सुनवाई की जाऐगी।

इस पर मेरे हस्ताक्षर और न्यायधिकरण की मुहर के तहत यह दिया जाता है। दिनांक **01/06/2026** न्यायाधिकरण के आदेश से ।

SEAL

**रजिस्ट्रार**
**ऋण वसूली न्यायाधिकरण, जबलपुर**

**आज से यूएस ओपन**

# अनुभवी और युवा जोड़ी से भारत को उम्मीदें



एजेंसी ▶▶ फुलर्टन

अनुभवी खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरती हुई स्टार तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस प्रतियोगिता के एकल में कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी अपना भाग्य आजमाएंगे, जिनमें पुरुष वर्ग में किदाम्बी श्रीकांत भी शामिल हैं। महिला वर्ग में कुल 7 भारतीय खिलाड़ी एकल में चुनौती पेश करेंगे।

### सेन को दी गई दूसरी वरीयता

विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सेन को दूसरी वरीयता दी गई है और पहले दौर में उनका मुकाबला बेल्जियम के जूलियन कैरागी से होगा। श्रीकांत पुरुष एकल में अपना पहला मैच चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू के खिलाफ खेलेंगे। सानीथ दयानंद जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोतो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। एस शंकर मुथुसामी सुब्रमणियन ने भी मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है और उनका मुकाबला क्वालीफायर से होगा।

### तन्वी का पहला मुकाबला यवोन ली के खिलाफ

महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा और छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। वे विश्व रैंकिंग में क्रमशः 32वें और 34वें स्थान पर हैं। सत्रह वर्षीय तन्वी जर्मनी की यवोन ली के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगी जबकि देविका का सामना पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो सालाजार से होगा। विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज अनमोल खरब पहले दौर में बुल्गारिया की कालोयाना नलबंतोवा से भिड़ेंगी। रक्षिता का सामना पहले दौर में क्वालीफायर से होगा।

# आईसीसी ने प्रेग्नेंट महिला खिलाड़ियों के लिए जारी की नई गाइडलाइंस

एजेंसी ▶▶ दुबई

आईसीसी ने महिला क्रिकेटरों के लिए प्रेग्नेंसी के बाद खेल में वापसी को आसान बनाने के उद्देश्य से नई गाइडलाइन जारी की है। इस छह-स्तरीय योजना के तहत खिलाड़ियों को ट्रेनिंग, मेडिकल रिकवरी, यात्रा और बच्चों की देखभाल से जुड़ी सहायता मिलेगी।

इसके तहत महिला खिलाड़ी अब प्रेग्नेंसी के बाद आसानी से क्रिकेट के मैदान में वापसी कर सकेंगी। इसके लिए आईसीसी ने छह चरणों वाली एक गाइडलाइन जारी की है। इससे बच्चे को जन्म देने के बाद महिला खिलाड़ियों का करियर प्रभावित नहीं होगा और उन्हें वापसी के लिए हरसंभव मदद मिलेगी।




### आईसीसी करेगी मदद

आईसीसी की गाइडलाइन के अनुसार, क्रिकेट बोर्ड खिलाड़ी के लिए एक विशेष मैनेजर नियुक्त करेगा। यह मैनेजर खिलाड़ी की हरसंभव सहायता करेगा। इसमें खिलाड़ी की ट्रेनिंग को लचीला बनाना, बच्चों की देखभाल और यात्रा में मदद करना शामिल होगा। इसके अलावा बच्चे के जन्म के बाद मेडिकल अवकाश और रिकवरी के लिए भी हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। आईसीसी की मेडिकल कमेटी ने इस गाइडलाइन को मंजूरी दी है और ऑस्ट्रेलिया की डॉक्टर फिलिप्पा इंगे इस पहल की अगुवाई करती नजर आएंगी।

# 16 वर्षीय प्रीतम ने एयर राइफल में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶ सुहल

युवा निशानेबाज प्रीतम केंद्रे ने अपने कौशल और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।


भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता, जिससे



उसके पदकों की कुल संख्या 11 हो गई। इनमें पांच स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग ले रहे 16 वर्षीय प्रीतम ने 8 खिलाड़ियों के फाइनल में 251.3 का स्कोर बनाकर तटस्थ खिलाड़ी टिमोफेई एलेनिकॉव और नॉर्वे के जेन्स ओस्टली को पीछे छोड़ते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पुणे के इस निशानेबाज ने हाल ही में अपनी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

# विंबलडन में सिंगल्स खेलेंगी सेरेना, मिला वाइल्ड कार्ड

एजेंसी ▶▶ लंदन



सेरेना विलियम्स ने तीन सप्ताह पहले घोषणा की थी कि वह चार साल के बाद पेशेवर टेनिस में वापसी कर रही हैं, लेकिन अब स्पष्ट हो गया है कि यह दिग्गज खिलाड़ी 44 साल की उम्र में विंबलडन के महिला एकल में अपना जलवा दिखाएंगी।

पिछले तीन सप्ताह से कयास लगाए जा रहे थे कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विंबलडन के एकल में खेलेगी या नहीं लेकिन अब ऑल इंग्लैंड क्लब ने एक वाक्य के बयान में सब कुछ साफ कर दिया है। ऑल इंग्लैंड क्लब ने ग्रास कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरू होने से आठ दिन पहले बयान जारी करके कहा, 'सेरेना विलियम्स (अमेरिका) को महिला एकल वर्ग में अंतिम वाइल्ड कार्ड दिया गया है।' सेरेना इस तरह से विंबलडन में एकल और युगल दोनों में खेलेंगी।

**छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक**
**CHHATTISGARH GRAMIN BANK**
Scheduled Bank Owned by Government
कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं.-47, सेक्टर-24, अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) पिन-492018

श्री अंजनी कुमार तिवारी,
सेवानिवृत्त अधिकारी, पीएफ - 4976025,

विभा. जाँच/06/2026-27
दिनांक : 20.06.2026

**विभागीय जाँच कार्यवाही बैठक में उपस्थिति विषयक**

विषयांतर्गत, अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा आपको जारी आरोप पत्र क्रमांक/सतर्कता/19अ/2011-12, दिनांक 22.11.2011 में उल्लेखित आरोपों की सत्यता की जाँच का दायित्व अधोहस्ताक्षरकर्ता का सौंपा गया हैं जिसकी सूचना पत्र क्र. कॉ.का/सर्तकता/055/2026-27 दिनांक 12.05.2026 के माध्यम से संस्था को ज्ञात आपके पते पर प्रेषित की गई थी किन्तु डाक वापस आ गई। इस संबंध में विभिन्न समय पर आपके द्वारा बैंक को दिये आवासीय पते पर विभागीय जांच कार्यवाही बैठक की सूचना निम्नानुसार पंजीकृत डाक से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रेषित की गई:-

| पत्र क्र. | दिनांक | बैठक दिनांक |
|---|---|---|
| 01/2026-27 | 16.05.2026 | 26.05.2026 |
| 02/2026-27 | 26.05.2026 | 02.06.2026 |
| 03/2026-27 | 02.06.2026 | 09.06.2026 |
| 04/2026-27 | 09.06.2026 | 29.06.2026 |

उपरोक्त सभी पत्र डाक से वापस आ गये है। अतः आपको इस सूचना के साथ अन्तिम रूप सेअवगत कराया जाता है कि मेरे द्वारा दिनांक 29.06.2026 को प्रातः 11 बजे छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक कॉर्पोरेट ऑफिस प्लाट नं. 47 सेक्टर 24 अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) में विभागीय जाँच कार्यवाही बैठक प्रस्तावित की गई है, जिसमें आप उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। यदि आपके द्वारा उल्लेखित दिवस व समय पर बैठक में उपस्थिति नहीं दी जाती है तो यह माना जावेगा कि आप विभागीय जाँच कार्यवाही में सम्मिलित नही होना चाहते है व आपको अपना पक्ष नही रखना एवं विभागीय जाँच कार्यवाही एक पक्षीय प्रारम्भ की जावेगी, जो पूर्वाग्रह रहित मानी जावेगी।

भवदीय
(विष्णु प्रसाद अग्रवाल)
जाँचकर्ता अधिकारी
मो. न 9203409255

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**Bank of Baroda**
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)
फोन 0771-4222611, 4222612, ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम,2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारो/जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से,उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/ जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम/ फोन नं. | उधारकर्ता/ जमानतदार का नाम एवं पता | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | एम्स जी.ई. रोड, टाटीबंध शाखा, रायपुर 9109993975 | मेसर्स चावड़ा एजेंसी और इसके प्रोपराइटर नीरज सिंह चावड़ा, पंजीकृत कार्यालय का पताः सी-108, पहली मंजिल, अविनाश आशियाना, कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.), एवं निवासी का पता-सी-108, प्रथमतल, अविनाश आशियाना,कबीर नगर, रायपुर | साम्यिक बंधक फ्लैट से संबंधित फ्लैट नं.- 108, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सुपर निर्मित क्षेत्रफल- 737.00 वर्गफीट, खसरा नं.-4/2(4/3,6/1), 4/5(4/11,6/3,4/6 (4/7,6/4) भाग, स्थित "अविनाश आशियाना अपार्टमेंट कॉन्डोमिनियम, कबीर नगर,रामकृष्ण परमहंस वार्ड नं. -02, प.ह.नं.- 37, आरआईसी- रायपुर (छ.ग.) हैं जो जयश्री चावड़ा के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- फ्लैट नं. - सी-109, दक्षिण- फ्लैट नं.- सी-107, पूर्व- गलियारा , पश्चिम- खुली जगह. | 22.07.2025 रु. 24,41,423.64 + ब्याज + अन्य प्रभार 19.06.2026 सांकेतिक कब्जा |
| 02 | सुंदर नगर शाखा महादेवघाट रोड, रायपुर 9109993965 | सुश्री काजल साहू (आवेदक) पिता श्री रामनारायण साहू सीता नगर, गणपति स्कूल के पीछे, भोज नगर, गोगांव, रायपुर, छ.ग.- 492009, एवं श्री रामनारायण साहू (जमानतदार) पिता श्री गणेश राम साहू, सीता नगर, गणपति स्कूल के पीछे, भोज नगर, गोगांव, रायपुर, छ.ग. - 492009. | साम्यिक बंधक संपत्ति स्थित खसरा नं. - 98/296 का भाग, म्यूटेशन के बाद खसरा नं. - 98/376, क्षेत्रफल - 750 वर्गफीट, स्थित संत कबीर दास वार्ड नं.- 03, सीता नगर, ग्राम-कोटा 1+2, प.ह.नं.- 51, आर.आई.सी.- रायपुर-3 - कोटा, तहसील एवं जिला - रायपुर, छ.ग. हैं जो श्री रामनारायण साहू के नाम पर है. सीमाएं: उत्तर - राम प्रसाद पटेल की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- वर्मा का मकान, पश्चिम-सड़क | 08.08.2025 रु. 11,21,042.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 18.06.2026 सांकेतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा। हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.

दिनांकः 23.06.2026, स्थानः रायपुर, छत्तीसगढ़

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

## मौत को मात देने वाला समुद्री डायनासोर!

**बर्लिन।** जर्मनी के बायरेउथ के पास मिस्टेलगाऊ इलाके में एक बेहद खास फॉसिल मिला है, जिसने वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। यह फॉसिल लगभग 180 मिलियन साल पुराना है और जुरासिक काल के एक बड़े समुद्री सरीसृप से जुड़ा है। इस खोज ने यह समझने में मदद की है कि उस समय के जीव कैसे रहते थे और मुश्किल हालात में भी कैसे जीवित रहते थे। यह फॉसिल मिस्टेलगाऊ नाम के एक समुद्री सरीसृप का है। यह जीव देखने में आज के डॉल्फिन जैसा लगता था, लेकिन असल में यह एक इचथियोसॉर था, जो जुरासिक काल में समुद्रों में रहता था।

### तस्वीरें देख हैरान हो उठे वैज्ञानिक

# मंगल ग्रह पर आया महाप्रलय!




**वॉशिंगटन।** मंगल ग्रह पर एक बार फिर खौफनाक और हैरान कर देने वाला नजारा सामने आया है। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह की कुछ ऐसी तस्वीरें जारी की हैं, जिन्होंने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। लाल ग्रह की एक सुनसान और प्राचीन घाटी में अचानक एक-दो नहीं, बल्कि दर्जनों भयंकर बवंडर उठ रहे हैं। सैकड़ों फुट ऊपर उठ रहे धूल के चक्रवात इतनी तेजी से घूम हे हैं कि इन्होंने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया है। यूरोपीय स्पेस एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस स्पेसक्राफ्ट ने मंगल ग्रह की ये भयानक तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मंगल ग्रह की एक विशाल घाटी में दर्जनों डस्ट डेविल्स यानी धूल के बवंडर या चक्रवात घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिससे पता चलता है कि लाल ग्रह पर चलने वाली हवाएं हमारी उम्मीद से कहीं ज्यादा तेज और शक्तिशाली हैं।

### क्या होते हैं डस्ट डेविल्स?

यूरोपीय स्पेस एजेंसी के मुताबिक, जब सूर्य की रोशनी से मंगल ग्रह की सतह गर्म होती है, तो उसके ठीक ऊपर की हवा तेजी से ऊपर की ओर उठने लगती है। यह गर्म हवा अपने साथ भारी मात्रा में धूल को ऊपर खींचने का काम करती है, इससे एक घूमता हुआ बवंडर बनने लगता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक ये बवंडर पृथ्वी के रेगिस्तानों में दिखने वाले धूल के चक्रवातों जैसे ही दिखाई देते हैं, लेकिन आकार में उनसे कहीं बहुत बड़े हैं। मंगल ग्रह के ये बवंडर 8 किलोमीटर तक ऊंचे हो सकते हैं और कई किलोमीटर दूर तक यात्रा करते हैं। इनकी रफ्तार 45 मीटर प्रति सेकंड तक जा सकती है।

### रोवर्स के रिकॉर्ड भी टूटे

मार्स एक्सप्रेस पर लगे हाई रेजोल्यूशन स्टीरियो कैमरा ने इस एरिया में लगभग 30 एक्टिव बवंडरों को कैमरे में रिकार्ड किया है। तस्वीरों में ये छोटे पीले डॉट्स और उनके पीछे गुलाबी रंग की परछाई जैसे दिखाई दे रहे हैं। वैज्ञानिकों के अनुमान के मुताबिक इन बवंडरों के अंदर हवा की स्पीड 158 किलोमीटर प्रति घंटा तक होती है, जो मंगल ग्रह की सतह पर मौजूद किसी भी रोवर द्वारा अब तक रिकॉर्ड की गई स्पीड से कहीं ज्यादा है।

## वो शहर, जहां अलग भाषा बोलते हैं औरत और मर्द

**अबूजा।** दुनिया में हजारों भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन ज्यादातर जगहों पर मर्द और औरत एक ही भाषा का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, नाइजीरिया में एक ऐसा गांव है जहां यह नियम टूट जाता है। उबांग (गांव में पुरुष और महिलाएं अलग-अलग शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। फिर भी वे एक-दूसरे को बिना किसी दिक्कत के समझ लेते हैं। यह भाषाई चमत्कार भाषाविदों को हैरान कर रहा है।नाइजीरिया के क्रॉस रिवर स्टेट में बसा उबांग गांव लगभग 7000 लोगों की आबादी वाला छोटा सा इलाका है। यहां पुरुष एक तरह की भाषा बोलते हैं तो महिलाएं दूसरी. रोजमर्रा की चीजों के लिए उनके शब्द पूरी तरह अलग हैं।














**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raipur:** Ashram Chowk (GE Road) VANDANA BAJAJ 7714083955,9713540079, Telibandha 7714083955 •Devpuri Raipur ARUN BAJAJ 9770420235, Fafadih 7400654116 Mowa 7400654117 • **Balod** 9039097311• **Baloda Bazar** ARUN BAJAJ 9009399506 • **Bhatapara** ARUN BAJAJ 7828353259 • **Bhilai** AVN BAJAJ 7771844400, 9201645550 • **Durg** VENKATESH BAJAJ 4060122,8982005707 • **Dhamtari** TIRUPATI BAJAJ 9516872343, 7987872343 • **Kanker** TIRUPATI BAJAJ 7587841176 • **Bhanupratappur** TIRUPATI BAJAJ 9977911298 • **Jagdalpur** T M BAJAJ 9986433880, 9425592466 • **Mahasamund** BHAWANI BAJAJ 9424205048, 224789 •**Saraipali** BHAWANI BAJAJ 9424211576 • **Rajnandgaon** KAKKAD BAJAJ 9301111111 **Dongargarh** KAKKAD BAJAJ 9028597766 • **Kawardha** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 **Pandatarai** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 • **Khariagarh** 9993988333.


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com